वर्ष : 34 | अंक : 240 | मुंबई, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## 40 एकड़ सरकारी जमीन कौड़ियों के भाव में खरीदी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पार्थ पवार और दिग्विजय पाटिल 'अमेडिया होल्डिंग्स एलएलपी (Amedia Holdings LLP)' के डायरेक्टर हैं। इस कंपनी ने पुणे के कोरेगांव पार्क इलाके में लगभग 40 एकड़ सरकारी जमीन खरीदी है, जिसकी बाजार कीमत करीब 1800 करोड़ रुपये बताई जा रही है। आरोप है कि यह जमीन सिर्फ 300 करोड़ रुपये में खरीद ली गई। इस पूरे लेनदेन में कई नियमों की अनदेखी की गई। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस डील पर मात्र 500 रुपये का स्टांप ड्यूटी शुल्क भरा गया, जबकि 300 करोड़ रुपये के बदले करीब 6 करोड़ रुपये का स्टांप ड्यूटी देना जरूरी था। आरोप है कि यह पूरा लेनदेन केवल 27 दिनों में पूरा कर लिया गया। इतना ही नहीं, उद्योग निदेशालय ने 48 घंटे के भीतर ही स्टांप ड्यूटी माफ कर दिया। अमेडिया कंपनी ने दावा किया था कि वह कोरेगांव पार्क में आईटी पार्क और डेटा सेंटर स्थापित करने जा रही है। लेकिन कंपनी की पूंजी मात्र 1 लाख रुपये थी, जिससे इस परियोजना की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

## अब एक्शन में आई सरकार

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।
- राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खारगे की अध्यक्षता में एक विशेष जांच समिति गठित की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) विकास खरगे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर बनी जांच समिति का नेतृत्व करेंगे।
- राज्य के पंजीयन एवं स्टांप शुल्क विभाग ने विवादित जमीन मामले में अमेडिया कंपनी को नोटिस जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने लेनदेन की वास्तविक राशि के अनुसार शुल्क नहीं भरा।
- राज्य सरकार ने पुणे के तहसीलदार सूर्यकांत येवले को निलंबित कर दिया है। हालांकि तहसीलदार सूर्यकांत येवले ने दावा किया है कि उन्हें निलंबन संबंधी कोई लेटर अभी तक नहीं मिला है।

# महाराष्ट्र में अरबों का लैंड स्कैम



## 1800 करोड़ की जमीन 300 करोड़ में खरीदी, 500 रुपये स्टांप ड्यूटी भरी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के मुखिया अजित पवार के बेटे पार्थ पवार पर जमीन घोटाले का आरोप लगा है। आरोप है कि पार्थ पवार की कंपनी ने सरकारी जमीन 1800 करोड़ रुपये की बाजार कीमत के मुकाबले मात्र 300 करोड़ रुपये में खरीदी और वह भी महज 500 रुपये का स्टांप ड्यूटी चुकाकर। इस खुलासे के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में हड़कंप मच गया है।



"प्रथम दृष्टया, मामला गंभीर लग रहा है। मैंने संबंधित विभागों से मामले से जुड़ी सारी जानकारी मंगवा ली है। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मैं पूरी जानकारी मिलने के बाद ही इस बारे में और आगे की कार्रवाई के बारे में बता पाऊंगा।


–देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री

- अजित पवार के बेटे पार्थ पर जमीन घोटाले का आरोप
- सीएम फडणवीस ने दिए जांच के आदेश
- अजित पवार ने बेटे पार्थ के जमीन विवाद से खुद को किया अलग

### जांच को उच्च स्तरीय समिति बनी

पंजीकरण महानिरीक्षक रवींद्र बिनवाडे ने बताया कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है कि सरकारी जमीन एक निजी फर्म को कैसे बेची गई और यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या मानदंडों के अनुसार छूट दी गई थी। उन्होंने कहा कि छूट का दावा करने के लिए जमा किए गए दस्तावेज़ों की जांच की जाएगी। समिति यह भी देखेगी कि पंजीकरण के दौरान किस तरह के दस्तावेज़ पेश किए गए थे। लेकिन तत्काल कार्रवाई के तौर पर हमने उप-पंजीयक को निलंबित कर दिया है, क्योंकि अगर यह सरकारी ज़मीन है तो पंजीकरण नहीं होना चाहिए था।

### 21 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी माफ



आरटीआई कार्यकर्ता विजय कुंभार के अनुसार, पार्थ पवार से जुड़ी एक कंपनी ने कथित तौर पर जमीन लगभग 300 करोड़ रुपये में खरीदी, जबकि उसकी बाजार दर काफी ज्यादा थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस सौदे पर 21 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी माफ कर दी गई। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सुबह कहा था कि उनका विभाग शिकायत मिलने के बाद ही कथित जमीन सौदे की जांच करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने उन्हें कथित सौदे के बारे में जानकारी देने के लिए फोन किया था और वह 11 नवंबर तक उनके पास लिखित शिकायत दर्ज कराएंगी।

### विपक्ष हुआ हमलावर

भूमि सौदे को लेकर विपक्ष ने बीजेपी नीत सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने इस सौदे की न्यायिक जांच की मांग करते हुए दावा किया कि यह कानून का उल्लंघन करके किया गया है। उन्होंने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी द्वारा जमीन की खरीद की पारदर्शी तरीके से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सौदे से जुड़ी फाइल सरकारी विभागों में 'रॉकेट की गति' से आगे बढ़ी। उन्होंने दावा किया कि कुछ ही घंटों में उद्योग निदेशालय ने न केवल कंपनी को आईटी पार्क और डेटा सेंटर के लिए ज़मीन के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी, बल्कि 21 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी भी माफ़ कर दी। वडेट्टीवार ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार अक्सर सवाल करते हैं कि किसानों को कब तक मुफ्त में चीजें मिलेंगी, उन्होंने अब अपने बेटे की कंपनी के लिए मुफ्त जमीन और कर माफी सुनिश्चित की है। उन्होंने दावा किया कि पुणे में इसी तरह के भूमि सौदे एक लाख करोड़ रुपये के घोटाले के बराबर हो सकते हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने दावा किया कि निजी कंपनी द्वारा खरीदी गई ज़मीन की कीमत 1,800 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने 22 अप्रैल को एक आईटी पार्क बनाने का प्रस्ताव पारित किया और 'एक लाख रुपये की पूंजी' होने के बावजूद सरकार को प्रस्ताव सौंपा। दानवे ने यह भी आरोप लगाया कि यह सौदा मात्र 27 दिनों में पूरा हो गया और उद्योग विभाग ने स्टाम्प शुल्क माफ कर दिया। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि पार्थ पवार के 'दस्तावेज सही हैं'। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे बात की है। वे सभी आरोपों का जवाब देंगे। मेरे विभाग का कंपनी को दिए गए प्रोत्साहनों और छूटों से कोई लेना-देना नहीं है। यह ज़मीन एमआईडीसी की नहीं है। यह सरकार की है या किसी अन्य प्राधिकरण की, इसकी जांच होनी चाहिए।

### राजस्व मंत्री ने क्या कहा?

पार्थ पवार जमीन मामले पर महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। अगर शिकायत दर्ज होती है, तो उद्योग विभाग जांच करेगा कि यह जमीन किस योजना और किन शर्तों पर दी गई थी। जब हमने आईटी पार्क नीति लागू की थी, तब कैबिनेट ने कुछ रियायतें दी थीं, हमें यह देखना होगा कि क्या यह जमीन उन्हीं में शामिल है।

### अजित पवार ने खुद को किया अलग

महाराष्ट्र के डिप्टी चीफ मिनिस्टर अजित पवार ने गुरुवार को पुणे जमीन डील को लेकर चल रहे विवाद से खुद को अलग कर लिया। उनके बेटे पार्थ पवार का नाम सामने आने पर डिप्टी सीएम ने कहा कि इस मामले में उनका कोई लेना-देना नहीं है। पवार ने कहा कि अगर किसी ने इस मामले में उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## न्यूज़ ब्रीफ


### JNUSU इलेक्शन: सभी पदों पर लेफ्ट यूनिटी की जीत

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन यानी JNUSU इलेक्शन का रिजल्ट घोषित हो गया है। सभी चार पदों पर लेफ्ट यूनिटी की जीत हुई है। अदिति मिश्रा JNUSU की नई प्रेसिडेंट बनी हैं। वो AISA (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) से लेफ्ट यूनिटी पैनल की उम्मीदवार थी। वहीं, वाइस प्रेसिडेंट की पोस्ट पर SFI की गोपिका बाबू, जनरल सेक्रेटरी के पद पर DSF के सुनील यादव और जॉइंट सेक्रेटरी पर AISA की दानिश अली को जीत हासिल हुई है

### राजेश अग्रवाल बन सकते महाराष्ट्र के मुख्य सचिव

**मुंबई।** राज्य सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजेश अग्रवाल को सामान्य प्रशासन विभाग (प्रशासनिक नवाचार, उत्कृष्टता और सुशासन) का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया है। अग्रवाल को राज्य का अगला मुख्य सचिव बनने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि मौजूदा मुख्य सचिव राजेश कुमार का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है। 1989 बैच के अधिकारी अग्रवाल नवंबर 2026 में सेवानिवृत्त होंगे और यदि उन्हें यह जिम्मेदारी दी जाती है, तो वे एक वर्ष तक इस पद पर सेवाएं दे सकेंगे।

### नहीं रही मखमली आवाज की जादूगरनी सुलक्षणा पंडित



**मुंबई।** भारतीय सिनेमा और संगीत जगत से एक बार फिर दुखद खबर सामने आई है। अपनी मखमली और सुमधुर आवाज़ से लाखों दिलों में जगह बनाने वाली दिग्गज गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का निधन हो गया है। 71 वर्ष की आयु में उन्होंने मुंबई के नानावटी अस्पताल में अंतिम सांस ली। हालांकि उनके निधन के कारणों का आधिकारिक खुलासा अभी नहीं किया गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर से फिल्म और संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

## एक घंटे रुके रहे लोकल के पहिए

- मुंब्रा हादसे पर इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई से भड़के रेलवे कर्मचारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंब्रा रेल हादसे में दो इंजीनियरों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में मध्य रेलवे के कर्मचारियों ने गुरुवार शाम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के चलते करीब एक घंटे तक लोकल ट्रेन सेवाएं ठप रहीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### लोकल ट्रेन से कटकर 2 की मौत, दो घायल

मुंबई के सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन पर गुरुवार को हादसा हो गया। यहां लोकल ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए, जिन्हें जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दरअसल, दफ्तर से लौट रहे कई यात्री यह सोचकर स्टेशन पर जमा हो गए कि उन्हें ट्रेन नहीं मिलेगी। अत्यधिक भीड़ के कारण कुछ यात्रियों ने रेलवे ट्रैक पर चलना शुरू कर दिया। जब ये यात्री सैंडहर्स्ट रोड स्टेशन के बीच पहुंचे, तभी पीछे से अंबरनाथ फास्ट लोकल ट्रेन आ गई और उसने चार यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया।

### अधिकारियों के आश्वासन के बाद बहाल हुई सेवा

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नील ने बताया कि शाम 5:50 से 6:45 बजे तक कर्मचारियों ने मोटरमैन और ट्रेन प्रबंधकों को ट्रेन चलाने की अनुमति नहीं दी। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि यह मामला राज्य अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा, जिसके बाद सेवाएं बहाल कर दी गईं।

### सीएसएमटी पर यात्रियों की भारी भीड़

ट्रेन सेवा रुकी रहने के दौरान सीएसएमटी परिसर में यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोग वैकल्पिक परिवहन की तलाश में पास के मेट्रो स्टेशन की ओर निकल गए। ठाणे निवासी अंशुमान आर. ने बताया, "मैं अपने ब्रिटेन से आए दोस्त के साथ लोकल ट्रेन में यात्रा करना चाहता था, लेकिन 20 मिनट इंतज़ार के बाद हमें बाहर निकलना पड़ा।"

### 'इंजीनियरों पर दर्ज एफआईआर वापस ली जाए'

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने 9 जून को हुए मुंब्रा रेल हादसे में दो इंजीनियरों पर लापरवाही का मामला दर्ज किया था। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई थी। जीआरपी की इस कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रीय रेलवे मजदूर संघ और मध्य रेलवे मजदूर संघ ने प्रदर्शन किया और एफआईआर वापस लेने की मांग की।

## अवैध होर्डिंग्स पर नियंत्रण में नाकामी पर हाई कोर्ट की नाराज़गी

- मुंबई और ठाणे समेत कई महानगर पालिकाओं और नगरपालिका को लगाई फटकार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई, ठाणे और राज्य के अन्य शहरों में बढ़ते अवैध होर्डिंग्स पर नियंत्रण नहीं लगने पर कड़ी नाराज़गी जताई है। अदालत ने राज्य सरकार और नगर पालिकाओं से पूछा कि यदि कार्रवाई की जा रही है, तो फिर भी शहरों में अवैध होर्डिंग्स पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। अदालत ने कहा कि जहां लातुर और अंबरनाथ नगर पालिकाएं इस समस्या पर काबू पा चुकी हैं, वहीं अन्य नगरपालिकाएं ऐसा क्यों नहीं कर पा रहीं? पीठ ने लातुर और अंबरनाथ नगर पालिकाओं को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत चाहती है कि वे बताएं कि उन्होंने अवैध होर्डिंग पर रोक के लिए कौन-कौन से कदम उठाए, ताकि अन्य नगर पालिकाएं उनके मॉडल को अपनाकर समान कार्रवाई कर सकें। अदालत ने कहा कि "यदि दो नगरपालिकाएं सफल हो सकती हैं, तो बाकी क्यों नहीं?"



### याचिकाकर्ता ने उठाया सिटीजन कमेटी का सुझाव

यह सुनवाई सुस्वराज्य फाउंडेशन की जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और संदेश पाटिल की खंडपीठ के समक्ष हुई। याचिकाकर्ता के वकील उदय वारुंजीकर ने अदालत का ध्यान इस ओर दिलाया कि मुंबई और ठाणे समेत राज्य के अधिकांश नगरों में अवैध होर्डिंग्स पर कोई असरदार नियंत्रण नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस पर रोक लगाने के लिए हाई कोर्ट की निगरानी में एक सिटीजन कमेटी बनाई जाए।

स्थानीय निकाय चुनाव

## नप और नपं क्षेत्र में 10 लाख से अधिक मतदाता बढ़े



- 2 दिसंबर को प्रदेश में 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान
- कुल 1.07 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव के लिए मतदान 2 दिसंबर को होगा। इनमें 246 नगर परिषदें और 42 नगर पंचायतें शामिल हैं। इस बार कुल 1 करोड़ 7 लाख 3 हजार 576 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, पिछली बार हुए चुनावों में 96 लाख 34 हजार 692 मतदाता थे। इस बार मतदाताओं की संख्या में 10 लाख 68 हजार 884 की वृद्धि हुई है। 2014 से दिसंबर 2018 के बीच 362 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव कराए गए थे।

### पिछली बार 70 प्रतिशत मतदान हुआ था

पिछले चुनाव में औसतन 70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस बार आयोग का लक्ष्य मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग ने जनजागृति अभियान चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें परंपरागत तरीकों के साथ सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का भी उपयोग किया जाएगा।

### विपक्ष ने मतदाता सूची पर उठाए सवाल

महाविकास आघाड़ी और मनसे ने इस बार की मतदाता सूची में गड़बड़ी और 'वोट चोरी' के आरोप लगाए हैं। इस बीच चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य चुनाव आयोग के सामने निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने की चुनौती बढ़ गई है। इस चुनाव के लिए कुल 13,355 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें कुछ 'पिंक मतदान केंद्र' होंगे, जहां केवल महिला अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहेंगी। इन केंद्रों के चयन और गठन का अधिकार स्थानीय प्रशासन को दिया गया है।

## जरांगे की हत्या की साजिश करने के आरोप में दो गिरफ्तार

- जारंगे पाटिल ने दर्ज कराई शिकायत, बीड में हुई थी बैठकें



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल की हत्या की साजिश रचने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जालना पुलिस स्टेशन की टीम ने गुरुवार को यह कार्रवाई की और दोनों से गहन पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मनोज जरांगे पाटिल और उनके समर्थकों ने गुरुवार को जालना पुलिस स्टेशन में हत्या की साजिश रचे जाने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उल्लेख किया गया कि बीड जिले में बैठकों के माध्यम से जारंगे पाटिल की हत्या की योजना बनाई जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

### पूर्व सहयोगी मुख्य आरोपित अमोल खुने

पुलिस ने जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, उनकी पहचान अमोल खुने और दादा गरुड़ के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि अमोल खुने, मनोज जरांगे पाटिल का पुराना सहयोगी रहा है।




न्यूज़ ब्रीफ

### स्क्रैप गोदाम में भीषण आग

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के दीघा इलाके में गुरुवार को एक स्क्रैप गोदाम में भीषण आग लगने की घटना से पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। आग लगते ही धुएं का बड़ा गुबार आसमान में छा गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। सूत्रों के अनुसार, आग गोदाम में रखे पुराने टायर, प्लास्टिक और धातु के स्क्रैप में लगी, जिससे लपटें तेजी से फैल गईं। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस क्षेत्र के कई स्क्रैप गोदामों में अग्निशमन सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं हैं। ज्वलनशील पदार्थों का बिना मानक के भंडारण होने से ऐसे हादसे पहले भी हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को इसकी संभावित वजह माना जा रहा है। नगर निगम ने आग पर पूरी तरह नियंत्रण मिलने के बाद विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। इस आग की घटनास्थल से कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इनमें गोदाम से उठता काला धुआं और आग बुझाने में जुटे दमकल कर्मियों की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं।

### मीरा-भाईंदर में 2700 करोड़ के विकास कार्यों को मिली रफ्तार

**ठाणे।** ठाणे जिले के मीरा-भाईंदर शहर में तेजी से जारी विकास कार्यों की समीक्षा के लिए गुरुवार को परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की अध्यक्षता में मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की हुई बैठक में मंत्री ने पारदर्शिता, जनहित और त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए कहा कि "मीरा-भाईंदर महाराष्ट्र के शहरी विकास का मॉडल शहर बन सकता है, यदि प्रत्येक कार्य गुणवत्ता और ईमानदारी से पूरा किया जाए।" सरनाईक ने बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में मीरा-भाईंदर के विकास के लिए 1800 करोड़ रुपए और सड़कों के सुधार कार्यों के लिए 900 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत की गई थी।इस 2700 करोड़ की राशि से शहर के बुनियादी ढांचे, सड़कों, जलनिकासी, और सार्वजनिक सुविधाओं में बड़ा बदलाव लाया जा रहा है। मंत्री ने सीमित संसाधनों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मनपा प्रशासन की सराहना की।

### 1993 मुंबई धमाका केस: टाइगर मेमन की 17 संपत्तियां जल्द होंगी नीलाम

**मुंबई।** 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों के आरोपी टाइगर मेमन और उसके परिवार की 17 संपत्तियों की जल्द नीलामी की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, इनमें मध्य मुंबई के माहिम स्थित अल हुसैनी बिल्डिंग के तीन फ्लैट भी शामिल हैं, जहां धमाकों की साजिश रची गई थी। तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर अधिनियम (SAFEMA) प्राधिकरण ने इन संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है, और कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही दिसंबर या जनवरी में नीलामी शुरू होने की संभावना है।

### डाला में 100 करोड़ का हाउसिंग फ्रॉड, बिल्डर समेत दो पर मामला दर्ज

**मुंबई।** वडाला स्थित एक आवासीय परियोजना में बड़े वित्तीय घोटाले का मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 100 करोड़ रुपये की कथित ठगी के आरोप में एक बिल्डर और उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि दोनों ने 'स्काई 31' नामक परियोजना के तहत खरीदारों को फ्लैट देने का वादा किया था, लेकिन राशि प्राप्त करने के बाद वादे को पूरा नहीं किया। शिकायतकर्ता, 62 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट अनिल द्रोण ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि 2018 में सुब्बारमन आनंद विलयनूर, उनकी पत्नी उमा सुब्बारमन और बी पी गंगर कंस्ट्रक्शन्स ने 102 खरीदारों से लगभग 100 करोड़ रुपये जुटाए थे। परियोजना के तहत प्रत्येक निवेशक को एक फ्लैट देने की बात कही गई थी, किंतु अब तक किसी को आवास उपलब्ध नहीं कराया गया। आरोप है कि बिल्डर ने खरीदारों से प्राप्त धनराशि को अपने निजी और अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी कहा गया है कि परियोजना के अंतर्गत कुछ फ्लैट दो-दो लोगों को बेचे गए, जिससे खरीदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

# कामकाजी महिलाओं के लिए बनेगा सुरक्षित आशियाना

**भायंदरपाड़ा में 50 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा महिला छात्रावास**

**परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया भूमिपूजन**

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

शहर में कामकाजी और व्यावसायिक महिलाओं के लिए भायंदरपाड़ा में ठाणे महानगरपालिका द्वारा बनाए जाने वाले अत्याधुनिक महिला छात्रावास का भूमिपूजन गुरुवार को राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर ठाणे मनपा के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं। मंत्री सरनाईक ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य की सभी "प्यारी बहनों" के लिए एसटी टिकटों पर 50 प्रतिशत छूट और 1500 रुपए मासिक पेंशन योजना शुरू की है। इसी के तहत महिलाओं के रोजगार और व्यावसायिक सहायता हेतु ठाणे में 50 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत की गई है।




#### दो वर्षों में पूरा होगा नौ मंजिला छात्रावास

मंत्री सरनाईक ने बताया कि भायंदरपाड़ा, घोड़बंदर रोड क्षेत्र में प्रस्तावित यह नौ मंजिला छात्रावास अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। भवन में वाहन पार्किंग, फूड कोर्ट, मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विशाल हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लगभग 100 कमरों वाले इस छात्रावास में 400 कामकाजी महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। परियोजना को दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि महिलाओं को शीघ्र सुरक्षित और आरामदायक आवास मिल सके।

#### महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

यह छात्रावास परियोजना ठाणे में कार्यरत और बाहर से आने वाली महिलाओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और किफायती आवास प्रदान करेगी। मंत्री सरनाईक ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता धनंजय मोड, पूर्व नगरसेवक सिद्धार्थ ओवलेकर, पूर्व नगरसेविका साधना जोशी, ओवला-माजीवाडा विधानसभा प्रमुख राजेंद्र फाटक सहित अनेक पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

## टोल विवाद के बाद महिला का फर्जी अकाउंट बनाने वाले कैब चालक पर केस

**इंस्टाग्राम पर महिला को 'कॉल गर्ल' बताने का आरोप, पुलिस ने की कार्रवाई**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई में एक महिला सरकारी कर्मचारी के साथ टोल विवाद के बाद कैब चालक द्वारा उसके नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर बदनाम करने का मामला सामने आया है। आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।



#### यात्रा के दौरान हुआ विवाद

सूत्रों के अनुसार, महिला ने दक्षिण मुंबई से दादर तक कैब बुक की थी। रास्ते में चालक विनय कुमार यादव ने टोल शुल्क देने को कहा, लेकिन महिला के मना करने पर दोनों में बहस हो गई ।विवाद के बाद आरोपी ने महिला को बार-बार फोन कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। परेशान होकर महिला ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। कुछ दिनों बाद महिला को अज्ञात नंबरों से कॉल आने लगीं। जांच में पता चला कि किसी ने उसकी तस्वीर और संपर्क नंबर का उपयोग कर इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया है, जिसमें उसे "कॉल गर्ल" बताया गया था।

#### सोशल मीडिया कंपनी की जांच में हुआ खुलासा

महिला की शिकायत पर सोशल मीडिया कंपनी ने जांच की, जिससे पता चला कि अकाउंट उसी टैक्सी ड्राइवर ने बनाया था। इसके बाद महिला ने दादर पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर झारखंड स्थित उसके पैतृक घर का पता लगाया और उसे पेश होने का नोटिस भेजा है।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

5 नवंबर को दोपहर के समय कोलीवाड़ के पास सलीम मटन शॉप के सामने हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 72 वर्षीय शांताराम दामा गायकवाड़ की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब नागोठाणे की ओर से आ रही एक एस.टी. बस ने विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। गायकवाड़ एम.एच. 06 सी.ए. 4149 नंबर की बाइक पर पीछे बैठे थे और टक्कर लगने से नीचे गिर पड़े।



#### गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत

दुर्घटना के दौरान गायकवाड़ के सिर पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने तुरंत उन्हें नागोठाणे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात उनका पार्थिव शरीर ठाणे के चंदनवाड़ी स्थित उनके निवास पर लाया गया, जहां पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। दुर्घटना का मामला नागोठाणे पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है, और एसपीएन सचिन कुलकर्णी के मार्गदर्शन में पी.एच. महेश रुइकर मामले की आगे जांच कर रहे हैं।

#### सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे शांताराम गायकवाड़

चंदनवाड़ी क्षेत्र में शांताराम गायकवाड़ एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। वे चंदनवाड़ी शिवसेना शाखा से जुड़े थे और स्थानीय स्तर पर तुलसी विवाह व होली जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाते थे। उनके निधन से चंदनवाड़ी क्षेत्र में गहरा दुख और शोक का माहौल है।

## अजित पवार ने शुरू की चुनावी रणनीति की तैयारी

### राकांपा प्रमुख ने जिलाध्यक्षों और विधायकों के साथ की लगातार बैठकें

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने अपनी रणनीतिक तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी प्रमुख अजित पवार पिछले चार दिनों से विधायकों, जिलाध्यक्षों और प्रमुख पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इन बैठकों में वे जिलेवार संगठन की समीक्षा और चुनावी रणनीति पर गहन चर्चा कर रहे हैं।

#### भाजपा-शिंदे गुट की सीटों से दूरी, फोकस कांग्रेस और शरद गुट पर



पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अजित पवार ने सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट के कब्जे वाली सीटों को छोड़कर कांग्रेस और शरद पवार गुट के क्षेत्रों का गहन आकलन करें। उनका कहना है कि इन क्षेत्रों में संगठन को मज़बूत कर पार्टी की जमीनी पकड़ बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि स्थानीय स्तर पर चुनावी बढ़त हासिल की जा सके।

#### जल्द शुरू होगी घोषणापत्र और सोशल मीडिया रणनीति

बैठक के दौरान चर्चा हुई कि पार्टी जल्द ही चुनावी घोषणापत्र, सोशल मीडिया अभियान और उम्मीदवार चयन प्रक्रिया पर काम शुरू करेगी। अजित पवार ने पदाधिकारियों से कहा कि अभियान की दिशा जनता के मुद्दों और स्थानीय समस्याओं पर केंद्रित होनी चाहिए, ताकि मतदाताओं से सीधा जुड़ाव हो सके।

#### संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने के निर्देश

अजित पवार ने हर जिलाध्यक्ष से कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाए और स्थानीय मुद्दों को केंद्र में रखकर जनता के बीच पहुंचा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से जोड़ा जाए और युवा वर्ग को पार्टी से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए। अजित ने स्पष्ट कहा कि "हमें यह जानना जरूरी है कि कहां हमारे लिए अवसर हैं और कहां हमें संघर्ष करना है।"

#### मेहनत करने वालों को मिलेगा टिकट

अजित पवार ने स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी में मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को ही टिकट मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता जनता के बीच सक्रिय रहेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। पवार ने सभी जिलाध्यक्षों से कहा कि वे जल्द ही अपने-अपने जिलों में कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित करें और चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत झोंक दें।

### आचार संहिता संबंधी प्रस्तावों के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति

**मुंबई।** महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के दौरान आचार संहिता से छूट के लिए प्राप्त प्रस्तावों की जांच के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाएगा। यह निदेर्श महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने दिया है। यह समिति लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान गठित समिति की तर्ज पर काम करेगी। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर 2025 को आयोग कार्यालय में मुख्य सचिव और विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई थी। उस समय ऐसी समिति के गठन की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। इसलिए समिति के गठन पर ये निर्देश दिए गए हैं। यह समिति निकाय चुनावों के लिए लागू आचार संहिता से छूट के लिए प्राप्त प्रस्तावों की जांच करेगी. आचार संहिता से छूट के संबंध में राज्य चुनाव आयोग को अनुशंसा करेगी। सभी सरकारी विभागों को इस समिति के माध्यम से इस तरह के प्रस्ताव राज्य चुनाव आयोग को भेजने होंगे।

स्थानीय निकाय चुनाव

## अब मतदाता सूचियों में संशोधन नहीं: चोकलिंगम

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूचियों में अब कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम ने बताया कि चुनावों में बहुत कम समय बचा है, इसलिए सूची में संशोधन करना संभव नहीं है। अब मतदान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत मौजूदा सूची के अनुसार ही होगा।



#### विपक्ष ने उठाए सवाल, स्थगन की मांग

विपक्षी दलों ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए चुनाव स्थगित करने या सूचियों की पुन: जांच कराने की मांग की है। गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) नेता बाला नंदगांवकर ने इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की। चोकलिंगम ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूचियों में संशोधन में कम से कम तीन महीने लगते हैं। अगर प्रक्रिया तेजी से भी पूरी की जाए, तो इसमें दो महीने का समय लगता है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि स्थानीय निकाय चुनाव 31 जनवरी से पहले कराए जाएं। वहीं, 12वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू हो रही हैं, ऐसे में चुनाव टालना संभव नहीं होगा।

#### डुप्लिकेट वोटर पर नजर रखेगा आयोग

चुनाव आयोग ने दो जगह नाम दर्ज करवाने वाले मतदाताओं के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। ऐसे मतदाताओं से यह लिखित रूप में लिया जाएगा कि वे किस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करेंगे। यदि कोई व्यक्ति दो बार मतदान की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि आयोग का उद्देश्य तय समय सीमा में पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराना है। इसलिए अब मतदाता सूची में संशोधन या पुन: सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करना व्यावहारिक नहीं है।

## पीएमएलए कोर्ट से भरत शाह और रूबी मिल्स को नहीं मिली राहत

**764 करोड़ की एसबीआई कर्ज धोखाधड़ी का है मामला**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

764 करोड़ रुपए के एसबीआई बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में भरत शाह और रूबी मिल्स लिमिटेड को पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। अदालत ने दोनों की बरी करने की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला लंबे समय से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में है।

#### ईडी का आरोप: 155 करोड़ की संदिग्ध लेन-देन



प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया कि भरत शाह ने राजपूत रिटेल लिमिटेड से 155 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त की थी और इस धनराशि को ब्याज अर्जित करने वाली अल्पकालिक जमाओं (short-term deposits) में परिवर्तित किया गया। ईडी का कहना है कि यह धन अवैध स्रोतों से प्राप्त था और मनी लांड्रिंग की प्रक्रिया के तहत निवेशित किया गया। भरत शाह और रूबी मिल्स ने अदालत में दलील दी कि ईडी ने छह अलग-अलग एफआईआर को गलत तरीके से जोड़कर मामला तैयार किया है। उनका कहना था कि ये सभी लेन-देन आपस में जुड़े नहीं हैं और इसलिए प्रत्येक एफआईआर के लिए अलग मुकदमा चलाया जाना चाहिए। उन्होंने इस आधार पर आरोपमुक्ति की मांग की। ईडी ने अदालत में तर्क दिया कि देशभर में ऐसे कई मामलों में एफआईआर भले अलग हों, लेकिन मनी लांड्रिंग अपराध का स्वरूप अलग और स्वतंत्र होता है। एजेंसी ने कहा कि जब किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ अपराध से अर्जित धन का पता चलता है, तो उसे जोड़ना कानूनी रूप से उचित है, क्योंकि वह एक ही आर्थिक अपराध श्रृंखला का हिस्सा होता है।

#### कोर्ट का फैसला: शिकायत खारिज करने का कोई आधार नहीं

पीएमएलए अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष की शिकायत को केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि वह छह अलग-अलग एफआईआर या आरोपपत्रों से संबंधित है। अदालत ने कहा कि अगर आरोपों में समानता और मनी लांड्रिंग का संबंध साबित होता है, तो ईडी को एक ही शिकायत में मामला दर्ज करने का अधिकार है।

मुख्य कार्यालय विरार प.
ता. वसई, जि. पालघर
पिन - ४०१ ३०३

दुरध्वनी : ०२५०-२४०२१७९/२४०३२२४/२४०२१०१
फॅक्स : ०२५०-२४०२५६३
ई-मेल : vasnivirarcorporation@yahoo.com
जा.क्र. : व.वि.श.म/२/अ/बांध/०२७/२०२५
दिनाक : ६/११/२०२५

जाहिर निविदा सुचना

वसई विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील एकूण १२ कामांकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांच्याकडील योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून ऑनलाईन ई-निविदा मागविण्यात येत आहे. ई निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र http://mahatenders.gov.in या शासनाच्या अधिकृत संकेतस्थळावर दि.०८.१.१.२०२५. रोजी पासून उपलब्ध राहणार आहे. ऑनलाईन ई निविदा http://mahatenders.gov.in या शासनाच्या अधिकृत संकेतस्थळावर दि. ०८/११/२.०२५ रोजी पासून ते दि.१७/११/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत स्विकारण्यात येतील. प्राप्त निविदा शक्य झाल्यास दि. १८/१२/२०२५ रोजी सकाळी ११.०० नंतर अथवा इतर सोयीच्या दिवशी ऑनलाईन उघडण्यात येतील.

Please visit our official web-site (https://Mahatenders.gov.in)

हस्ता/-
(प्रदिप पाचंगे)
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका

## बीडीडी पुनर्विकास के नए घरों में समस्याओं का अंबार

**दो महीने में ही नाराज हुए वर्ली बीडीडी के निवासी**

दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार की बहुचर्चित वर्ली बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना के तहत म्हाडा ने बीडीडी चॉल नंबर 8, 9, 10, 11, 30, 31 और 36 के निवासियों को नए घर सौंपे थे। 40 मंजिला नई इमारत के डी विंग में 500 वर्ग फुट के फ्लैट दिए गए हैं। लेकिन महज़ दो महीनों में ही इन नए घरों में रहने वाले नागरिकों को पानी की कमी, सफाई व्यवस्था, सुरक्षा और रखरखाव से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नाराज निवासियों ने म्हाडा अधिकारियों को पत्र लिखकर इन मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

#### पानी की कमी और सुरक्षा पर सवाल



निवासियों ने कहा कि इमारत में पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं है और फिलहाल टैंकरों से पानी लाना पड़ रहा है। घरों में पानी जमा करने के लिए टैंक बनाने की अनुमति नहीं दी गई है, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी करने में दिक्कत हो रही है। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों की कमी और सुरक्षा गार्डों की अनुपस्थिति के कारण सुरक्षा को लेकर भी असंतोष बढ़ गया है। इमारत के लिफ्टों में वेंटिलेशन पंखे बंद हैं और कई जगह छत से पानी टपकने की शिकायतें सामने आई हैं। सफाई ठेकेदार के पास पर्याप्त कर्मचारी न होने से परिसर की साफ-सफाई भी प्रभावित हो रही है।

#### पार्किंग और दस्तावेज़ संबंधी मुश्किलें

डी और ई विंग के लिए बीडीडी चॉल नंबर 25 और 26 की खुली जगह में अस्थायी पार्किंग बनाई गई है, लेकिन सुरक्षा गार्ड न होने के कारण बाहरी वाहन चालक भी वहीं पार्किंग कर रहे हैं। इससे निवासियों को जगह नहीं मिल रही। इसके अलावा, आवंटन और कब्ज़ा पत्रों में पूरा पता न होने से नागरिकों को बैंक, राशन कार्ड, आधार, वोटर आईडी और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज़ों में नया पता दर्ज कराने में परेशानी हो रही है। निवासियों का कहना है कि म्हाडा ने नई इमारत दी जरूर है, लेकिन उसमें रहने की बुनियादी सुविधाएँ अभी तक पूरी नहीं हैं।

# सेवन हिल्स अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ सभी दल एकजुट

## सरकार पर मुकेश अंबानी को लाभ पहुंचाने का आरोप

**मुंबई।** अंधेरी (पूर्व) स्थित सेवन हिल्स अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। अंधेरी विकास समिति की ओर से गुरुवार को अस्पताल के मुख्य द्वार पर आयोजित धरने में नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि बीएमसी और राज्य सरकार जानबूझकर अस्पताल को घाटे में दिखाकर मुकेश अंबानी को सौंपने की योजना बना रही है।




### 16 एकड़ भूमि में फैला, 1500 बिस्तरों की क्षमता वाला अस्पताल

पूर्व उपमहापौर और प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजेश शर्मा ने कहा कि सेवन हिल्स अस्पताल 16 एकड़ में फैला है और इसकी कीमत बाजार मूल्य के हिसाब से 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक है। उन्होंने कहा कि बीएमसी को इस अस्पताल को उन्नत चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और शिक्षा से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय अस्पताल के रूप में विकसित करना चाहिए। साथ ही, परिसर की शेष भूमि पर मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज शुरू करने का सुझाव दिया।

### बीएमसी से अस्पताल का नियंत्रण अपने हाथ में लेने की मांग

शर्मा ने कहा कि चूंकि अस्पताल की जमीन बीएमसी की है, इसलिए बीएमसी को इसका पूर्ण नियंत्रण अपने हाथ में लेकर मुंबईकरों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा, "कोविड काल में यहां 60 हजार मरीजों का सफल इलाज हुआ था, इसे एम्स जैसी सुविधाओं वाला सार्वजनिक अस्पताल बनाया जा सकता है।"

### विधायक और अन्य दलों ने भी किया समर्थन

क्षेत्रीय विधायक मुरजी पटेल ने बताया कि इस मुद्दे पर जल्द ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की जाएगी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के शैलेन्द्र कांबले ने कहा कि लगातार महंगी होती चिकित्सा सेवाओं के बीच इस अस्पताल को बचाना जनहित में है। शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रमोद सावंत ने कहा कि सेवन हिल्स को केईएम, नायर या सायन अस्पताल की तरह विकसित किया जाना चाहिए ताकि गरीब और आम नागरिकों को किफायती इलाज मिल सके। धरने में पूर्व नगरसेवक क्लायो डायस, दिनकर तावड़े, सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | बोली क्र.: 2025_MCGM_1236537_1 |
| संस्था का नाम | टी.बी. अस्पताल समूह, शिवड़ी |
| विषय | **जी.टी.बी. अस्पताल, शिवड़ी की मुख्य इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित आई.आर.सी.यू. (IRCU) में पेंट्री तथा चेंजिंग रूम की व्यवस्था करना।** |
| निविदा शुल्क | 1452 + (18% जी.एस.टी.) |
| ई-निविदा का प्रकार (अनुमानित लागत) | आइटम रेट टेंडर |
| बोली सुरक्षा जमा राशि / ई.एम.डी. | 10,000.00 |
| निविदा जारी एवं विक्री की तिथि | 06.11.2025, सायं 16:00 बजे से |
| निविदा विक्री की अंतिम तिथि एवं बोली सुरक्षा जमा की अंतिम तिथि व समय | 12.11.2025, सायं 16:00 बजे तक |
| पैकेट A तथा पैकेट B खोलने की तिथि | 14.11.2025, प्रातः 11:00 बजे के बाद |
| पत्राचार का पता | कार्यालयः वैद्यकीय अधीक्षक, जी.टी.बी. अस्पताल, जेरबाई वाडिया रोड, शिवड़ी, मुंबई – 400015 |
| बोली खोलने का स्थान | ऑनलाइन – वैद्यकीय अधीक्षक, जी.टी.बी. अस्पताल के कार्यालय में। |

सही/-
पीआरओ/2133/विज्ञा./2025-26
वैद्यकीय अधीक्षक, जी.टी.बी. अस्पताल

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# बेटिकट यात्रियों पर नकेल

## 121.67 करोड़ की रिकॉर्ड वसूली

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों को परेशानी-मुक्त और सुरक्षित यात्रा का अनुभव देने के लिए मुंबई उपनगरीय, मेल/एक्सप्रेस, पैसेंजर और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में लगातार सघन टिकट जांच अभियान चलाया है। बिना टिकट और अनियमित यात्रियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच हुए इन अभियानों के दौरान कुल 121.67 करोड़ की वसूली की गई। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 51% अधिक है और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से 14% अधिक है।

### अक्टूबर में 3.39 लाख मामलों का खुलासा



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, अक्टूबर 2025 में बिना टिकट यात्रा और बिना बुक किए गए सामान से जुड़े 3.39 लाख मामलों का पता लगाया गया, जिनसे 24.20 करोड़ की वसूली की गई। यह राशि पिछले वर्ष के अक्टूबर की तुलना में दोगुनी है। रेलवे प्रशासन ने एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत प्रवेश पर भी विशेष ध्यान दिया है और इसके लिए नियमित औचक टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं।

### एसी लोकल में सख्त कार्रवाई, 62 हजार यात्रियों पर जुर्माना

एसी लोकल ट्रेनों में चलाए गए केंद्रित अभियानों के तहत अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच 62 हजार से अधिक अनधिकृत यात्रियों पर कार्रवाई की गई और 2.02 करोड़ का जुर्माना वसूला गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 76% अधिक है। रेलवे के अनुसार, ये परिणाम यात्रियों के अनुशासन, सार्वजनिक राजस्व की सुरक्षा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# मुंबई कांग्रेस में उम्मीदवारों की बाढ़

## बीएमसी चुनाव से पहले 1150 आवेदन पहुंचे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका चुनाव की तारीखों की घोषणा भले अभी नहीं हुई हो, लेकिन कांग्रेस में टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों की होड़ मच गई है। पार्टी को अब तक 1150 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मुंबई कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया समन्वयक सुरेश चंद्र राजहंस ने बताया कि शहर के सभी छह जिलों से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। बीएमसी चुनाव के लिए आरक्षण की घोषणा जल्द की जाएगी, और उम्मीदवारों से आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाई जाएगी।



### वर्षा गायकवाड़ की अगुवाई में तैयारियाँ तेज़

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में संगठनात्मक तैयारियाँ जोरों पर हैं। पार्टी ने 227 वार्डों के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार बैठकें कर रहे हैं। अधिकांश कार्यकर्ता यह चुनाव कांग्रेस के प्रतीक पर अकेले लड़ने की मांग कर रहे हैं। राजहंस ने बताया कि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार गुट) के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी या स्वतंत्र रूप से मैदान में उतरेगी।


## भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

ई-मेलः bneme.cd@gmail.com

### निविदा सूचना क्र. 110/2025-26

भिवंडी महानगरपालिका द्वारा ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से परामर्शदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है, जो भिवंडी के शहर विकास योजना के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं एवं सुधारों के डिज़ाइन, विकास, कार्यान्वयन तथा निगरानी के लिए रणनीतिक प्रबंधन एवं कार्यान्वयन सलाहकार के रूप में नियुक्त किए जाएंगे।
निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज मुख्य पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होंगे। ई-निविदाएँ 07/11/2025 से 14/11/2025 तक ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।ई-निविदाओं का खुलना, यदि संभव हुआ, तो निर्दिष्ट तिथि पर किया जाएगा।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा फॉर्म शुल्क (रू) | अमानत राशि (EMD) | कार्य पूर्ण करने की कालावधि (महीने) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भिवंडी शहर विकास योजना के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं एवं सुधारों के डिज़ाइन, विकास, कार्यान्वयन एवं निगरानी हेतु रणनीतिक प्रबंधन एवं कार्यान्वयन सलाहकार की नियुक्ति। | 2,000 + 18% GST = 2,360 (ऑनलाइन NEFT/RTGS द्वारा भुगतान) | 5,00,000 (ऑनलाइन NEFT/RTGS द्वारा भुगतान) | 36 महीने |

पूर्व-निविदा बैठक (Pre-bid Meeting) दिनांकः 12/11/2025 समयः प्रातः 11:00 बजे
स्थानः नगर अभियंता कार्यालय, 5वीं मंज़िल, भिवंडी महानगरपालिका मुख्यालय, भिवंडी।
महानगरपालिका आयुक्त को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। आयुक्त का निर्णय अंतिम एवं सभी बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होगा।

हस्ता/-
(जमील पटेल)
नगर अभियंता
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका

जा.क्र./ज.सं.वि./1282
दि.06/11/2025


# 18 की उम्र में वोटर बनने की जल्दबाज़ी से सिस्टम पर बढ़ेगा बोझ: कोर्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि यदि हर व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूरी करते ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करने लगे, तो इससे सत्यापन प्रक्रिया पर अत्यधिक बोझ पड़ जाएगा और "बाढ़ के द्वार खुलने जैसी स्थिति" बन सकती है। न्यायमूर्ति रियाज चागला और न्यायमूर्ति फरहान दुबाश की खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर व्यक्ति को वोट देने की स्वतंत्रता तो मिल जाती है, लेकिन अधिकार तभी मिलता है जब उसका नाम आधिकारिक मतदाता सूची में जोड़ा जाता है।



### याचिकाकर्ता रूपिका सिंह का मामला

यह टिप्पणी 18 वर्षीय रूपिका सिंह की याचिका पर आई, जिन्होंने दावा किया था कि अप्रैल 2025 में 18 वर्ष की होने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया। अधिकारियों ने यह कहते हुए आवेदन अस्वीकार कर दिया कि मतदाता सूची की कट-ऑफ तारीख 1 अक्टूबर 2024 थी।रूपिका सिंह ने अपनी याचिका में कहा था कि यह उनके मतदान के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है और अब वह आगामी नगर निकाय चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगी।


## मध्य रेल

### मौजूदा ओएचई में परिवर्तन

**कार्य का विवरणः** मध्य रेल के मुंबई मंडल के शेलू और भिवपुरी स्टेशनों के पीएफ-1 और 2 के विस्तार के संबंध में मौजूदा ओएचई में परिवर्तन। **अनुमानित लागत** : ₹ 7947940.78. **ईएमडीः** ₹ 159000/-. **निविदा प्रपत्र का शुल्क** : ₹ 0.00/-. **समापन अवधिः** 6 महिने। **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 27/11/2025** को **11.00** बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकारी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, कल्याण के "**सूचना पट**" पर उपलब्ध है।
**खुली ई-निविदा सं.: केवायएन-एलडी-585-डब्लु-752-कांट-आर2 दि.4/11/2025** Sai/619

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**सहायक आयुक्त 'डी' विभाग का कार्यालय, जोबनपुत्र कंपाउंड, नाना चौक, ग्रांट रोड, मुंबई – 400 007**
क्र. स.आ.डी./25483/अनु. (अति. निर्मु.) / दिनांक 04/11/2025

### रूचि अभिव्यक्ति

सहायक आयुक्त 'डी' विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ निरीक्षक (अतिक्रमण निर्मूलन) कार्यालय में अनधिकृत फेरीवालों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हेतु पांच महीनों के लिए सोडत (लॉटरी) पद्धति से दो संस्थाओं के माध्यम से (प्रत्येक में 6 कर्मचारी) कुल 12 कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पंजीकृत सहकारी / बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। 'डी' विभाग में पहले से कार्यरत संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक संस्थाएं आवेदन तथा इच्छापत्र के नमूने की जानकारी के लिए http://portal.mcgm.gov.in या सहायक आयुक्त 'डी' विभाग कार्यालय, वरिष्ठ निरीक्षक (अतिक्रमण निर्मूलन) 'डी' विभाग, महापालिका कार्यालय भवन, जोबनपुत्र परिसर, नाना चौक, ग्रांट रोड (प.), मुंबई – 400007 से संपर्क कर सकती हैं। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाली स्थानीय गैर-सरकारी संस्था को महानगरपालिका परिपत्र क्रमांक सीए/एफआरजी/17, दिनांक 17.03.2025 के अनुसार रु. 3,630/- + 18% वस्तु एवं सेवा कर (कुल रु. 4,284/-) का आवेदन/इच्छापत्र शुल्क भरना अनिवार्य है।

रुचि रखने वाली संस्थाओं को कार्य दिवसों में बंद लिफाफे में आवेदन, वरिष्ठ निरीक्षक (अतिक्रमण निर्मूलन) 'डी' विभाग, महापालिका कार्यालय भवन, जोबनपुत्र परिसर, नाना चौक, ग्रांट रोड (प.), मुंबई – 400007 स्थित पेटी में दिनांक 18.11.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक जमा करना होगा। सोडत (लॉटरी) उसी दिन दोपहर 4.00 बजे निकाली जाएगी।

हस्ता/-
पीआरओ/2099/विज्ञा./2025-26
सहायक आयुक्त, 'डी' विभाग

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

प्रभाग समिती 'एच' नवघर माणिकपूर
ता. वसई, जि. पालघर ४०१ २०२

दूरध्वनी : ०२५०-२३३४३५४
ई-मेलः amch.vvmc@gov.com
जा.क्र. वविशम / ५१२०/२०२५-२६
दिनांक : ०६/११/२०२५

### जाहिर नोटीस

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम ४६९ ला अधिन राहुन या नोटीसीव्दारे वसई विरार शहर महानगरपालिका हद्दीतील सर्व नागरीकांना सुचित करण्यांत येते की, खालील नमुद मिळकत धारकांनी मालमत्ता हस्तांतरण कामी लेखी अर्ज तसेच कागदपत्रे सादर केली आहेत. उक्त फेरफार प्रकरणी कोणतीही हरकत/तक्रार असल्यास त्यांनी कार्यालयात जाहीर नोटीस प्रसिध्द झालेल्या तारखेपासून सात (७) दिवसाच्या आत लेखी हरकत/तक्रार कागदपत्रांसह नोंदवावी सदर हरकत/तक्रार न आल्यास कार्यालय पुढील मालमत्ता हस्तांतरणाची कार्यवाही करण्यांत येईल.

| अ. क्र. | विभाग | मालमत्ता क्र. | ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणा-या किंवा करदात्याचे नाव | खरिददाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|
| १ | दिवाणमान ६/१ | VN28/14317 | परेश धनजीभाई हमीरानी व इतर २ | रफात हाजी मलंग पटेल |
| २. | नवघर ३ | VN08/28865 | हसमुखलाल पोपटलाल शाह | हिलोणी हसमुख शाह |
| ३. | नवघर ३ | VN08/28846 | पोपटलाल केशवलाल शाह | हसमुखलाल पोपटलाल शाह |
| ४. | चुळणा | VN02/41651 | रोनाल्ड मुझेलो | मोहम्मद जमा खान व बसिहुल खान |
| ५. | दिवाणमान ५/२ | VN27/12986 | कल्पना पी जम्बूसरीया | मंथन जयसुख गोधासरा व शिल्पा जयसुख गोधासरा |
| ६. | दिवाणमान ८ | VN31/47392 | मोहन एस मंत्री | सतीश कुमार डेविड |
| ७. | नवघर ५/१ | VN12/42486 | लालजी केशवजी मिस्त्री | प्रताप लालजीभाई मिस्त्री |
| ८. | नवघर ५/१ | VN12/29077 | लालजी केशवजी मिस्त्री | प्रताप लालजीभाई मिस्त्री |
| ९. | नवघर ५/१ | VN12/50538 | लालजी केशवजी मिस्त्री | प्रताप लालजीभाई मिस्त्री |
| १०. | नवघर ५/२ | VN13/32148 | विपुल रसिकलाल हकानी | रेजिना मॅथ्यू घोन्सालवीस |
| ११. | दिवाणमान ७ | VN30/17430 | यास्मिन अख्तर इमाम | आफताब हैदर मिर्झा व नावेद आफताब मिर्झा |
| १२. | चुळणा | VN02/61931/50 | वेगा रियल्टर्स | फ्रान्सिस जे बारबोझा व प्रिती एफ बारबोझा |
| १३. | नवघर २ | VN06/44604 | सचिन नरेंद्र भोईर | मुकेश बाबू सरवैया |
| १४. | दिवाणमान ४ | VN25/62600/37 | श्री अजस्मिता साई एन्क्लेव्ह | आरोही अंकुर पुरव व अंकुर प्रकाश पुरव |
| १५. | चुळणा | VN02/58418 | राजेश डी गढीया | दीपक पोपट धवडे व प्रणीता दीपक धवडे |
| १६. | दिवाणमान ६/१ | VN28/14282 | आयसीआयसीआय बँक लिमिटेड | दीपक छोटेलाल परदेशी व सोनी दीपक परदेशी |
| १७. | दिवाणमान ४ | VN25/62600/34 | श्री अजस्मिता साई एन्क्लेव्ह | श्रध्दा दिनेश जाधव |
| १८. | उमेळमान | VN01/61966/12 | मनिष सामन वाला | प्रमिला गौतम सुखधाने व गौतम किसन सुखधाने |
| १९. | दिवाणमान ४ | VN25/62188/188 | आकाश तिर्थराज पांडे | लिसा डेनिस फर्नांडिस |
| २०. | दिवाणमान ५/१ | VN26/9216 | चेतन कांजीभाई फुरीया | रवी कुमार जायसवाल |

सही/-
**(जोसेफ मिनेजीस)**
कर अधिक्षक
प्रभाग समिती "एच"
वसई विरार शहर महानगरपालिका

संपादकीय

# बिना छात्र स्कूल

निस्संदेह, शिक्षा मंत्रालय की वह रिपोर्ट परेशान करने वाली है, जिसमें बताया गया है कि बीते शिक्षा सत्र में देश के आठ हजार सरकारी स्कूलों में किसी बच्चे ने दाखिला नहीं लिया। लेकिन विडंबना यह है कि इन स्कूलों में बीस हजार शिक्षक तैनात हैं। वहीं देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाएं चल रही हैं। वैसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तीस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी करके हर जगह विसंगतियां नजर आती हैं। यही वजह है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आठ हजार स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल में है। यह संख्या 3,812 है, जो बेहद चौंकाने वाली बात है। स्थिति का दूसरा परेशान करने वाला तथ्य यह है कि इसी राज्य के बिना दाखिले वाले स्कूलों में बाकायदा करीब अठारह हजार शिक्षक तैनात हैं। कमोबेश तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 2,245 स्कूल जीरो एडमिशन वाले हैं तथा एक हजार से ज्यादा शिक्षक यहां तैनात हैं। वहीं भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, जिसका स्थान इस सूची में तीसरा है, वहां 463 स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। बाकायदा 223 शिक्षक इन जीरो एडमिशन वाले स्कूलों में तैनात हैं। वैसे चौंकाने वाली बात यह है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में इस बार के मुकाबले पांच हजार स्कूल अधिक ऐसे थे, जहां कोई विद्यार्थी दाखिल नहीं हुआ था। एक विसंगति यह भी है कि स्कूली शिक्षा राज्य सरकारों के अधीन होती है, अतः केंद्र सरकार का दखल इसमें नहीं होता। लेकिन राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की नीतियों पर सवाल तो उठता ही है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे शून्य दाखिले की परंपरा रोकने के लिये यथासंभव प्रयास करते रहें। बहरहाल, यहां एक सवाल यह भी है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों के शिक्षक छात्रों को स्कूल में लाने के व्यक्तिगत प्रयास क्यों नहीं करते? वैसे कुछ राज्यों के शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। जहां शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छात्रों की कम संख्या को देखते हुए उनका समायोजन अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में करके संतुलन साधने का प्रयास किया है। यहां हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ आदि के शिक्षा विभाग की सराहना करनी होगी, जहां एक भी स्कूल जीरो एडमिशन वाला नहीं था। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने राज्य भर के जीरो एडमिशन वाले 81 स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया आरंभ की। इसका मानक यह होगा कि जहां पिछले लगातार तीन शैक्षणिक वर्षों में कोई छात्र दाखिल न हुआ हो। एक परेशान करने वाला आंकड़ा यह भी है कि देश के एक लाख स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्रों को पढ़ा रहा है, जिसमें करीब तैंतीस लाख छात्र अध्ययनरत हैं। जाहिर है वे छात्र क्या पढ़ रहे होंगे और उनका भविष्य क्या होने जा रहा है। यहां विचारणीय प्रश्न यह भी है कि छात्रों का सरकारी स्कूलों से मोहभंग क्यों हो रहा है? यह समाज विज्ञानियों के लिए अध्ययन का विषय होना चाहिए कि कम फीस व पर्याप्त शिक्षक व शिक्षण व्यवस्था के बावजूद छात्र इन स्कूलों में क्यों पढ़ना नहीं चाहते? यह विडंबना ही है कि जिन संस्थानों में नौकरी सुरक्षित और सुविधाएं पर्याप्त होती हैं, वहां कर्मचारी अपना बेहतर प्रदर्शन करते नजर नहीं आते। जबकि निजी स्कूलों में कम वेतन और कम सुविधाओं के बावजूद कर्मचारी जमकर मेहनत करते हैं।

# प्राथमिक शिक्षा में एआई की शुरुआत एक बड़ा बदलाव है



प्रियंका सौरभ
रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, उब्बा भवन, आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

भारत सरकार द्वारा प्राथमिक स्तर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की शिक्षा शुरू करने की योजना भारतीय शिक्षण प्रणाली के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखी जा रही है। यह पहल न केवल बच्चों को भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करने का प्रयास है, बल्कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के मूल उद्देश्यों – समग्र, बहुविषयी, कौशल आधारित और नवाचार उन्मुख शिक्षा – के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह कदम भारत के शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को पारंपरिक रटंत प्रणाली से निकालकर जिज्ञासा, रचनात्मकता और तर्कशीलता की दिशा में मोड़ने वाला है।

भारत सरकार की यह योजना एनईपी 2020 की उस भावना को साकार करती है, जो शिक्षा को केवल नौकरी प्राप्ति का साधन नहीं बल्कि जीवन कौशल, तकनीकी समझ और मानवीय मूल्यों से युक्त नागरिक निर्माण का माध्यम मानती है। प्राथमिक स्तर से एआई शिक्षा बच्चों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और जिम्मेदार तकनीकी दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी।

भारत का शिक्षण तंत्र लंबे समय तक पारंपरिक पद्धतियों पर आधारित रहा है, जहां ज्ञान को रटना और परीक्षाओं में अंक प्राप्त करना ही सफलता का पैमाना माना गया। लेकिन बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था, डिजिटल युग और चौथी औद्योगिक क्रांति के




दौर में यह दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं रह गया है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल साक्षरता नहीं, बल्कि "स्मार्ट नागरिक" बनाना है — जो न केवल सूचना समझ सके, बल्कि उसका रचनात्मक और नैतिक उपयोग भी कर सके। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार का यह निर्णय कि प्राथमिक स्तर से ही बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल समझ दी जाए, एक दूरदर्शी और नीतिगत दृष्टि से परिपक्व कदम है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रमुख उद्देश्य इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली का रूपांतरण है। नीति यह कहती है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे की जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करे। एनईपी 2020 का सबसे बड़ा फोकस यह है कि बच्चों में "सीखने की खुशी" विकसित हो और शिक्षा रटने की बजाय सोचने, समझने और खोजने की प्रक्रिया बने। इस दृष्टि से देखा जाए तो एआई शिक्षा का आरंभ इसी विचार का विस्तार है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी विषय नहीं है, बल्कि यह सोचने, विश्लेषण करने और समस्या समाधान की कला को विकसित करने का माध्यम है। जब बच्चे प्रारंभिक स्तर से ही तर्कशक्ति, पैटर्न पहचान और आंकड़ों को समझने की क्षमता सीखते हैं, तो वे जीवन के हर क्षेत्र में अधिक समझदार निर्णय ले सकते हैं। यही एनईपी 2020 का उद्देश्य भी है – ऐसी शिक्षा जो बच्चे को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि विवेकवान बनाए।

एआई को प्राथमिक स्तर पर शामिल करने का एक और बड़ा लाभ यह है कि यह शिक्षा को बहुविषयी बनाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी कक्षा में बच्चों को रोबोट की मदद से कहानी सुनाई जाती है, तो वे एक साथ भाषा, गणित, विज्ञान और नैतिकता सीखते हैं। इस तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शिक्षा का चरित्र "विषय-केंद्रित" न रहकर "अनुभव-केंद्रित" बनता है। एनईपी 2020 का यही लक्ष्य है कि शिक्षा बच्चों के अनुभव और रुचि के आधार पर दी जाए, ताकि सीखना एक स्वाभाविक प्रक्रिया बन सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में "मौलिक साक्षरता और गणनात्मक क्षमता" यानी बुनियादी पढ़ने-लिखने और गिनने की योग्यता को प्राथमिक चरण की सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया गया है। यदि इसी स्तर पर बच्चों को एआई की प्रारंभिक अवधारणाएँ, जैसे – तर्क श्रृंखला, डेटा पहचान, पैटर्न समझना या निर्णय लेना – सिखाई जाएं, तो उनकी सोचने और विश्लेषण करने की शक्ति कई गुना बढ़ सकती है। यह उन्हें न केवल डिजिटल युग के अनुकूल बनाता है, बल्कि भविष्य के रोजगार और नवाचार की दिशा में भी सक्षम बनाता है।

हालांकि, इस योजना के कार्यान्वयन के साथ कुछ चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ी चुनौती है – डिजिटल असमानता। भारत के कई ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में अभी भी इंटरनेट, कंप्यूटर और प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। यदि एआई शिक्षा को समान रूप से लागू नहीं किया गया तो यह अमीर और गरीब बच्चों के बीच एक नई "डिजिटल खाई" पैदा कर सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति समावेशिता और समान अवसर पर बल देती है, इसलिए सरकार को इस दिशा में विशेष ध्यान देना होगा कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो, एआई शिक्षा का लाभ उठा सके।

शिक्षक प्रशिक्षण इस पहल की दूसरी बड़ी आवश्यकता है। एआई शिक्षा को सफल बनाने के लिए केवल पाठ्यपुस्तकें नहीं, बल्कि सक्षम और प्रशिक्षित शिक्षक भी आवश्यक हैं। एनईपी 2020 शिक्षकों को "सीखने का सहायक" मानती है, जो बच्चों को प्रेरित करें, मार्गदर्शन दें और जिज्ञासा को पोषित करें। इसके लिए शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने होंगे, जिसमें उन्हें एआई की बुनियादी समझ, नैतिक पक्ष और शिक्षण में तकनीक के उपयोग की विधियाँ सिखाई जाएं।

एआई शिक्षा का एक और महत्वपूर्ण पहलू नैतिकता है। यदि बच्चों को केवल तकनीक सिखाई जाए और उसमें मानवीय संवेदनाओं, जिम्मेदारी और सह-अस्तित्व का भाव न जोड़ा जाए, तो यह शिक्षा अधूरी होगी। एनईपी 2020 ने "नैतिक और मानवीय मूल्यों" को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताया है। अतः एआई के साथ "नैतिक एआई" की अवधारणा सिखाना अनिवार्यa होना चाहिए, जिससे बच्चे समझें कि तकनीक का उपयोग समाज और मानवता के कल्याण के लिए कैसे किया जा सकता है।

इस योजना को सफल बनाने के लिए पाठ्यचर्या में भी नवाचार की आवश्यकता है। एआई शिक्षा को बोझ न बनाकर बच्चों के दैनिक जीवन से जोड़ना होगा। उदाहरण के लिए, खेल-खेल में मशीन की सोच समझाना, चित्रों से आंकड़ों का विश्लेषण सिखाना या कहानियों के माध्यम से कार्य-प्रणाली का अर्थ समझाना — ऐसे उपायों से बच्चे इसे सहज रूप से ग्रहण करेंगे। एआई को बच्चों के अनुभवात्मक और खोज-आधारित शिक्षण का हिस्सा बनाया जा सकता है।

जीवन मंत्र


# जो गिरकर उठता है, वही असली विजेता कहलाता है

अगर इंसान कभी नहीं गिरता, तो उसे उठने का महत्व समझ में नहीं आता। जो व्यक्ति हर गिरावट के बाद उठता है, वही दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। उसकी कहानी केवल उसकी नहीं रहती, बल्कि वो अनगिनत लोगों को आगे बढ़ने की ताकत देती है।

जीवन में हर व्यक्ति कभी न कभी असफलता, निराशा या कठिनाई का सामना करता है। कुछ लोग इन परिस्थितियों में हार मान लेते हैं, जबकि कुछ लोग इन्हीं हालात को चुनौती में बदल देते हैं। वही लोग इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाते हैं। गिरना कोई शर्म की बात नहीं है; असली शर्म की बात तब होती है जब हम दोबारा उठने की कोशिश ही न करें। गिरना इंसान को उसकी सीमाओं का एहसास कराता है और उठना उसे उसकी ताकत का।

हर बार जब हम गिरते हैं, तो हमें अपनी गलतियों का एहसास होता है। यह एहसास हमें सिखाता है कि अगली बार हमें कहाँ और कैसे सुधार करना है। असफलता ही सफलता की सबसे मजबूत नींव होती है। जिस व्यक्ति ने कभी गिरकर उठने का अनुभव नहीं किया, वह जीवन की गहराई और उसकी असली कीमत नहीं समझ सकता। क्योंकि जब तक दर्द का अनुभव नहीं होता, तब तक विजय का स्वाद अधूरा रहता है।

दुनिया के हर सफल व्यक्ति के पीछे गिरावटों और संघर्षों की एक लंबी कहानी होती है। अब्राहम लिंकन कई चुनाव हारे, पर अंततः अमेरिका के राष्ट्रपति बने। थॉमस एडीसन ने



हजारों असफल प्रयोगों के बाद बल्ब बनाया। ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साधारण परिवार से थे, लेकिन अपनी मेहनत और लगन से ₹भारत के मिसाइल मैन₹ बने। इन सभी का जीवन यही सिखाता है कि गिरना विफलता नहीं, बल्कि सफलता की ओर बढ़ने का एक पड़ाव है।

जब इंसान गिरने के बाद उठता है, तो वह न सिर्फ मजबूत बनता है, बल्कि उसके अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उसे एहसास होता है कि वह किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकता है। यह आत्मविश्वास ही उसकी सबसे बड़ी जीत होती है। जो इंसान बार-बार गिरने पर भी थमता नहीं, उसका हौसला अटूट बन जाता है। और यही हौसला उसे विजेता बनाता है। जीवन एक सतत यात्रा है इसमें गिरना, रुकना और फिर चलना सभी आवश्यक हैं। अगर इंसान कभी नहीं गिरता, तो उसे उठने का महत्व समझ में नहीं आता। जो व्यक्ति हर गिरावट के बाद उठता है, वही दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। उसकी कहानी केवल उसकी नहीं रहती, बल्कि वो अनगिनत लोगों को आगे बढ़ने की ताकत देती है।

अंततः, असली जीत उसी की होती है जो हर हार को एक सीख मानता है और हर गिरावट को नई शुरुआत में बदल देता है। क्योंकि गिरना अंत नहीं, बल्कि उस महान शुरुआत का संकेत है जो केवल विजेता ही समझ सकता है। इसलिए, कभी गिरने से डरो मत उठो, आगे बढ़ो, क्योंकि असली विजेता वही है जो हर बार गिरकर भी मुस्कुराते हुए खड़ा हो जाता है।

शख्सियत | सी. वी. रमन

# भारत के प्रकाश पुरुष



सर चंद्रशेखर वेंकट सी. वी.रमन (7 नवंबर 1888 - 21 नवंबर 1970) एक भारतीय भौतिक विज्ञानी थे जो प्रकाश बिखराव के क्षेत्र में अपने काम के लिए जाने जाते थे। उनके द्वारा विकसित एक स्पेक्ट्रोग्राफ का उपयोग करते हुए, उन्होंने और उनके छात्र के. एस. कृष्णन ने पता लगाया कि जब प्रकाश एक पारदर्शी सामग्री को पार करता है, तो विक्षेपित प्रकाश अपनी तरंग दैर्ध्य को बदल देता है।

रमन का जन्म ब्रिटिश भारत के मद्रास प्रेसीडेंसी के तिरुचिरापल्ली में तमिल अय्यर ब्राह्मण माता-पिता चंद्रशेखर रामनाथन अय्यर और पार्वती अम्मल के घर हुआ था। वह आठ भाई-बहनों में दूसरे नंबर के थे। उनके पिता एक स्थानीय हाई स्कूल में शिक्षक थे और मामूली आय अर्जित करते थे। उन्होंने याद किया: ₹मैं अपने मुंह में तांबे का चम्मच लेकर पैदा हुआ था। मेरे जन्म के समय मेरे पिता दस रुपये प्रति माह का शानदार वेतन कमा रहे थे!₹ 1892 में उनका परिवार आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम चला गया क्योंकि उनके पिता को श्रीमती एवी नरसिम्हा राव कॉलेज में भौतिकी के संकाय में नियुक्त किया गया था।

रमन की शिक्षा सेंट अलॉयसियस एंग्लो-इंडियन हाई स्कूल, विशाखापत्तनम में हुई। उन्होंने 11 साल की उम्र में मैट्रिकुलेशन और 13 साल की उम्र में छात्रवृत्ति के साथ कला की पहली परीक्षा (आज की इंटरमीडिएट परीक्षा) पास की, और दोनों में पहला स्थान हासिल किया।

1902 में रमन मद्रास (अब चेन्नई) के प्रेसीडेंसी कॉलेज में शामिल हो गए, जहाँ उनके पिता गणित और भौतिकी पढ़ाने के लिए स्थानांतरित किए गए थे। 1904 में उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से बी.ए. की डिग्री प्राप्त की, जहाँ वे प्रथम स्थान पर रहे और भौतिकी और अंग्रेजी में स्वर्ण पदक जीते। 18 वर्ष की उम्र में, जबकि वे स्नातक छात्र थे, उन्होंने 1906 में ब्रिटिश जर्नल फिलॉसॉफिकल मैगज़ीन में एक आयताकार एपर्चर के कारण असममित विवर्तन बैंड पर अपना पहला वैज्ञानिक पत्र प्रकाशित किया। 1907 में उन्होंने सर्वोच्च सम्मान के साथ उसी विश्वविद्यालय से एम.ए. की डिग्री हासिल की। उसी वर्ष उसी पत्रिका में प्रकाशित उनका दूसरा पेपर तरल पदार्थों के सतही तनाव पर था।

रमन की रुचियों में से एक संगीत ध्वनियों के वैज्ञानिक आधार पर थी। वह हरमन वॉन हेल्महोल्ट्ज़ की द संसेशन्स ऑफ़ टोन से प्रेरित थे, यह पुस्तक उन्हें आईएससीएस में शामिल होने के दौरान मिली थी। उन्होंने 1916 और 1921 के बीच अपने निष्कर्षों को प्रचुर मात्रा में प्रकाशित किया। उन्होंने वेगों के अध्यारोपण के आधार पर झुके हुए तार वाले वाद्ययंत्रों के अनुप्रस्थ कंपन के सिद्धांत पर काम किया। उनके शुरुआती अध्ययनों में से एक वायलिन और सेलो में वुल्फ टोन पर था। उन्होंने विभिन्न वायलिन और भारतीय तार वाले वाद्ययंत्रों की ध्वनिकी का अध्ययन किया, जिनमें पानी के छींटों की ध्वनि भी शामिल थी। उन्होंने यहाँ तक कि यांत्रिक रूप से बजाए जाने वाले वायलिन के साथ प्रयोग का भी प्रदर्शन किया।

रमन की मृत्यु से दो दिन पहले, उन्होंने अपने एक पूर्व छात्र से कहा, अकादमी की पत्रिकाओं को मरने न दें, क्योंकि वे देश में हो रहे विज्ञान की गुणवत्ता और विज्ञान उसमें जड़ें जमा रहा है या नहीं, इसके संवेदनशील संकेतक हैं। उस शाम रमन ने अपने शयनकक्ष में अपने संस्थान के प्रबंधन बोर्ड से मुलाकात की और उनके साथ संस्थान के प्रबंधन के भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने अपनी पत्नी को यह भी वसीयत दी कि उनकी मृत्यु के बाद बिना किसी अनुष्ठान के उनका सादा दाह संस्कार किया जाए। अगली सुबह, 21 नवंबर 1970 को 82 वर्ष की आयु में प्राकृतिक कारणों से उनका निधन हो गया।

जीवन ऊर्जा

जोनी मिशेल : जन्म- 7 नवंबर 1943 | जन्म

# जब कुछ खोता है, तभी उसकी कीमत समझ आती है

रॉबर्टा जोन मिशेल सीसी (जन्म 7 नवंबर, 1943) एक कनाडाई और अमेरिकी गायिका-गीतकार, बहु-वादक और चित्रकार हैं। 1960 के दशक के लोक संगीत सर्किट से उभरने वाले सबसे प्रभावशाली गायक-गीतकारों में से एक के रूप में, मिशेल अपने व्यक्तिगत गीतों और अपरंपरागत रचनाओं के लिए जानी जाती हैं, जो पॉप, जैज़, रॉक और अन्य शैलियों के तत्वों को शामिल करने के लिए विकसित हुईं। उनकी प्रशंसाओं में ग्यारह ग्रैमी पुरस्कार और 1997 में रॉक एंड रोल हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल होना शामिल है।

जीवन का एक गहरा सत्य प्रकट करता है। हम अक्सर उन चीज़ों, लोगों या अवसरों को हल्के में लेते हैं जो हमारे पास होते हैं। जब तक वे हमारे जीवन का हिस्सा होते हैं, हम उन्हें सामान्य या साधारण मान लेते हैं। लेकिन जैसे ही वे हमसे दूर हो जाते हैं, हमें एहसास होता है कि वे हमारे जीवन में कितने महत्वपूर्ण थे। यह एहसास हमें सिखाता है कि हर चीज़, चाहे वह छोटी हो या बड़ी, अपने आप में मूल्यवान होती है।

मनुष्य की प्रवृत्ति यही होती है कि वह हमेशा उस चीज़ के पीछे भागता है जो उसके पास नहीं होती। उसे जो मिला है, उसकी कद्र अक्सर देर से होती है। उदाहरण के तौर पर, जब हम स्वस्थ होते हैं, तो स्वास्थ्य को सामान्य मानते हैं, परंतु जब बीमार पड़ते हैं,



तब स्वास्थ्य की असली कीमत समझ में आती है। इसी तरह, जब कोई प्रियजन हमारे साथ होता है, तो हम उसकी उपस्थिति को स्वाभाविक मानते हैं, पर उसके जाने के बाद वही उपस्थिति एक गहरी कमी बन जाती है। यह वाक्य हमें कृतज्ञता (gratitude) का पाठ भी सिखाता है। अगर हम अपने पास मौजूद चीज़ों के लिए आभार व्यक्त करना सीख लें, तो जीवन अधिक संतुलित और खुशहाल बन सकता है। जब हम हर छोटी खुशी को महसूस करते हैं — जैसे परिवार का साथ, भोजन का स्वाद, प्रकृति की सुंदरता — तब हमें एहसास होता है कि हमारे पास पहले से कितना कुछ है। यह सोच न केवल हमें संतोष देती है, बल्कि असंतोष और लालच से भी बचाती है।

इसके अलावा, यह वाक्य हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में हर पल का महत्व समझना चाहिए। आज जो समय है, वही सबसे कीमती है। हम कल के सपनों में और बीते कल की यादों में उलझकर वर्तमान की सुंदरता को खो देते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# मनुष्य की असली पहचान उसके संस्कार और चरित्र से होती है, धन से नहीं

यह विचार केवल एक नैतिक संदेश नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में जहाँ हर व्यक्ति अधिक से अधिक धन, पद और प्रतिष्ठा अर्जित करने की दौड़ में लगा है, वहाँ इंसान अपने भीतर के मूल्यों को भूलता जा रहा है। ऐसे में यह सोच हमें याद दिलाती है कि असली विकास सिर्फ भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक विकास भी होता है। अगर व्यक्ति अपने भीतर के गुणों को विकसित नहीं करता, तो उसके पास कितना भी धन हो, वह कभी सच्ची शांति और संतोष नहीं पा सकता। धन व्यक्ति को भौतिक सुख-सुविधाएँ तो दे सकता है — सुंदर घर, महँगी गाड़ी, अच्छा पहनावा — लेकिन यह कभी मन की शांति नहीं दे सकता। मन की शांति तब आती है जब व्यक्ति ईमानदारी, सच्चाई और दया के मार्ग पर चलता है। जब वह दूसरों की सहायता करता है, किसी के चेहरे पर मुस्कान लाता है, तब उसे भीतर से जो संतोष मिलता है, वह किसी भी धन से अधिक मूल्यवान होता है। यही कारण है कि कई अमीर व्यक्ति भी मानसिक रूप से असंतुष्ट रहते हैं, जबकि कई साधारण लोग सीमित साधनों में भी खुश रहते हैं, क्योंकि उनके पास संतोष और सच्चाई की पूँजी होती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

संस्कार और चरित्र समाज की आत्मा हैं। यही वे तत्व हैं जो एक व्यक्ति को न केवल सम्मान दिलाते हैं, बल्कि पूरे समाज को भी ऊँचाई देते हैं। एक अच्छा चरित्रवान व्यक्ति अपने आस-पास के लोगों के लिए प्रेरणा बनता है। उसकी सच्चाई और ईमानदारी दूसरों को भी सही राह पर चलने के लिए प्रेरित करती है। इस तरह, एक व्यक्ति के गुण पूरे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। जब लोग धन



से नहीं, बल्कि गुणों से एक-दूसरे का मूल्यांकन करना सीखेंगे, तब एक आदर्श समाज का निर्माण संभव होगा। महान संतों और विचारकों ने हमेशा यही सिखाया है कि धन का उपयोग साधन के रूप में करो, लक्ष्य के रूप में नहीं। यदि धन का उपयोग दूसरों की भलाई, शिक्षा, या सेवा के लिए किया जाए, तो वही धन पुण्य बन जाता है। लेकिन जब धन केवल दिखावे और अहंकार का माध्यम बनता है, तो वही विनाश का कारण बन जाता है। इतिहास में ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जहाँ अत्यधिक धन ने व्यक्ति को पतन की ओर धकेला, जबकि सादगी और चरित्र ने व्यक्ति को अमर बना दिया।

अंततः, यह विचार हमें जीवन का सच्चा अर्थ समझाता है — कि मनुष्य की पहचान उसके कर्मों, विचारों और आचरण से होती है, न कि उसकी आर्थिक स्थिति से। जो व्यक्ति सत्य, दया और विनम्रता के पथ पर चलता है, वह भले ही भौतिक रूप से गरीब हो, पर आत्मिक रूप से समृद्ध होता है। वहीं, जो व्यक्ति धनवान होकर भी घमंडी और स्वार्थी है, वह भीतर से दरिद्र है। इसलिए, सच्ची महानता इस बात में नहीं है कि आपके पास क्या है, बल्कि इस बात में है कि आप जो भी हैं, उसमें कितनी सच्चाई और मानवता है। यही विचार मनुष्य को एक बेहतर इंसान और समाज को एक बेहतर स्थान बना सकता है।

## अपने विचार



फौज को लेकर ऐसा बयान देना बेहद अफसोसजनक है। अगर विपक्ष का नेता ही सेना को जाति और धर्म के चश्मे से देख रहा है, तो इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। सेना देश की सेवा करती है।

–**चिराग पासवान**, केंद्रीय मंत्री



तेजस्वी अभी सियासत नहीं जानता है। अभी उसके दूध के दांत भी नहीं निकले हैं। याद रखो ये उमर का कच्चा है और जुबान का भी कच्चा है। गठबंधन इंसाफ नहीं कर सकता।

–**असदुद्दीन ओवैसी**, अध्यक्ष, AIMIM



आयोग वोटर में कई तरह की गड़बड़ियां पैदा कर रहा है। इन गलतियों की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या यह प्रक्रिया चुनाव के बाद करना बेहतर नहीं होता? क्या हमें जन्म और आजादी के इतने सालों बाद भी अपनी नागरिकता साबित करनी होगी।

–**ममता बनर्जी**, सीएम, पश्चिम बंगाल



बॉम्बे हाईकोर्ट की नई इमारत को स्टार होटल नहीं बल्कि न्याय मंदिर बनाएं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अब जज कोई सामंती शासक नहीं हैं। हे ट्रायल कोर्ट का जज हो या सुप्रीम कोर्ट का, हम सभी जनता की सेवा के लिए हैं, इसलिए इस भवन में वैभव हो, लेकिन दिखावा नहीं।

–**बी आर गवई**, CJI, भारत

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### अमित साटम ने अबू आसिम आजमी को दिया 'वंदे मातरम्' कार्यक्रम का न्योता

**मुंबई।** भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अबू आसिम आजमी को शुक्रवार सुबह उनके आवास के पास होने वाले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' गायन कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। अमित साटम ने गुरुवार को अपने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर यह निमंत्रण साझा किया और उसमें आजमी को टैग किया। उन्होंने लिखा, "आप सादर आमंत्रित हैं। वंदे मातरम् राष्ट्रवाद, एकता और प्रेरणा का प्रतीक है। आप भी अन्य लोगों के साथ इस गीत को गा सकते हैं।" यह आमंत्रण ऐसे समय में आया है जब महाराष्ट्र सरकार ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सभी स्कूलों को 31 अक्टूबर से 7 नवंबर तक गीत का पूरा संस्करण गाने का निर्देश दिया है। बंकिमचंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन इस गीत की रचना की थी। शिक्षा विभाग ने 27 अक्टूबर को जारी परिपत्र में गीत के इतिहास पर प्रदर्शनियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए थे। मानखुर्द-शिवाजीनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अबू आसिम आजमी ने पहले वंदे मातरम् को अनिवार्य रूप से गाने के आदेश का विरोध किया था। उनका कहना था कि किसी धर्म के लोगों को इसमें जबरन शामिल करना सही नहीं है।

### रेलवे स्टेशनों पर एलईडी स्क्रीन से बढ़ेगी साइबर जागरूकता

मुंबई। राज्य सरकार ने साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर जन जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत एलईडी और एलसीडी स्क्रीन पर साइबर अपराध रोकथाम से जुड़े वीडियो क्लिप दिखाए जाएंगे। इस योजना पर 2 करोड़ 60 लाख 56 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि लाखों यात्री रोजाना रेलवे स्टेशनों से गुजरते हैं, इसलिए यह पहल साइबर सुरक्षा के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने में मदद करेगी। राज्य में पहले से ही 24 घंटे कार्यरत साइबर हेल्पलाइन, कमांड सेंटर और एआई आधारित डिटेक्शन सिस्टम मौजूद हैं, लेकिन अब फोकस आम नागरिकों को शिक्षित करने पर होगा।

### बीजेपी ने की चुनाव प्रभारियों की घोषणा, सातारा और सोलापुर में नई जिम्मेदारियां

मुंबई। महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तैयारी तेज कर दी है और चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। सातारा जिले की जिम्मेदारी सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले को सौंपी गई है, जहां कुल दस नगर परिषद और नगर पंचायतों में चुनाव होने हैं। वहीं, ग्रामविकास मंत्री जयकुमार गोरे को सोलापुर जिले का प्रभारी बनाया गया है, जिनके साथ रघुनाथ कुलकर्णी और राम सातपुते क्रमशः सोलापुर शहर और पूर्व क्षेत्र के चुनाव प्रमुख होंगे। भाजपा का लक्ष्य है कि इन चुनावों में अधिकतम नगरसेवक और नगराध्यक्ष पद पार्टी के खाते में आएं। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय समीकरणों को साधने और बूथ स्तर पर भाजपा के समर्थन को बढ़ाने की जिम्मेदारी प्रभारियों को दी गई है।

### दाऊद इब्राहिम की मां की जमीन नहीं बिकी

मुंबई। भगोड़े अपराधी दाऊद इब्राहिम की मां के स्वामित्व वाली चार संपत्तियों की सरकारी नीलामी एक बार फिर विफल रही। महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के खेड़ क्षेत्र में स्थित इन भूखंडों के लिए कोई खरीदार सामने नहीं आया। तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर अधिनियम (SAFEMA) प्राधिकरण द्वारा रखी गई इस नीलामी में संपत्तियों का आरक्षित मूल्य 20 लाख रुपये था। यह अब तक की पांचवीं असफल नीलामी है। अधिकारियों के अनुसार, पिछली नीलामी में एक व्यक्ति ने 15 हजार रुपये मूल्य की जमीन के लिए दो करोड़ रुपये की बोली लगाई थी, लेकिन भुगतान न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया गया था।

# महापरिनिर्वाण दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

दीपक पवार | मुंबई

भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर चैत्यभूमि आने वाले लाखों अनुयायियों की सुविधाओं को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी अनुयायी को कोई असुविधा न हो और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश



सह्याद्री गेस्ट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पूर्व राज्य मंत्री अविनाश महातेकर, मुंबई की कलेक्टर आंचल गोयल, पुलिस महानिरीक्षक मनोज शर्मा, बीएमसी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत सपकाले, BARTI के डायरेक्टर जनरल सुनील वारे, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त सचिव सो.ना. बागुल, भंते डॉ. राहुल बोधि और महापरिनिर्वाण दिवस समन्वय समिति के महासचिव नागसेन कांबले उपस्थित थे। मंत्री अठावले ने कहा कि मुंबई नगर निगम, गृह विभाग और सामाजिक न्याय विभाग सहित सभी एजेंसियों को समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए ताकि अनुयायियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### चैत्यभूमि क्षेत्र में सुविधाओं और सुरक्षा पर विशेष जोर

राज्य मंत्री अठावले ने भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा, प्रकाश व्यवस्था और सफाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में चैत्यभूमि और शिवाजी पार्क क्षेत्र की सड़कों के सुधार, ट्रैफिक कंट्रोल, CCTV सिस्टम, खानपान व्यवस्था और सरकारी प्रचार-प्रसार पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने इस संबंध में एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। साथ ही, दादर स्थित अशोक स्तंभ से चैत्यभूमि होते हुए इंदु मिल तक बनने वाली सड़क और बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल के कार्यों की प्रगति का भी आकलन किया गया।

'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे

# महाराष्ट्र भाजपा 15 स्थानों पर मनाएगी उत्सव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राष्ट्रगान 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र भाजपा ने पूरे राज्य में भव्य कार्यक्रमों की तैयारी की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने गुरुवार को मुंबई में बताया कि शुक्रवार को सूबे के 15 स्थानों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे, जिनमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुरलीधर मोहोल सहित राज्य के कई मंत्री भाग लेंगे। रवींद्र चव्हाण ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'वंदे मातरम' ने देशवासियों को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी थी। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए सरकार और पार्टी ने इस गीत के 150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव मनाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रमों के तहत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले अकोला में, और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ठाणे में कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं वन मंत्री गणेश नाइक रायगढ़ में उपस्थित रहेंगे।

### पुणे, सातारा और जलगांव में भी समारोह

केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल पुणे में, उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, संस्कृति मंत्री आशीष शेलार और जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल अहमदनगर (अहिल्यानगर) में कार्यक्रम में भाग लेंगे। लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंह राजे भोसले सातारा में और आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन जलगांव में शामिल होंगे। पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे छत्रपति संभाजीनगर, विपणन मंत्री जयकुमार रावल धुले, बहुजन पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अतुल सावे तथा कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा कोलाबा (मुंबई) में कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा प्रसाद लाड और योगेश सागर सायन में आयोजित समारोह में शामिल होंगे।पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी रवींद्र अनासपुरे, मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्याय और मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बान भी मौजूद थे।

# आदिवासी कातकरी समुदाय के अधिकारों के लिए ठाणे में आंदोलन तेज

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में 5 से 6 नवंबर तक आयोजित "आत्म-यातना से स्वावलंबन की ओर" आंदोलन का दूसरा दिन उत्साह और दृढ़ संकल्प से भरा रहा। श्रमजीवी संगठन के हज़ारों आदिवासी पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने ठाणे शहर को संघर्ष की ऊर्जा से भर दिया। आंदोलन को रोकने के प्रयास हुए, लेकिन संगठन ने उपवास समाप्त करते हुए "स्वावलंबन का दीप" जलाकर संघर्ष को और तीव्र करने का निर्णय लिया। लगभग 50 हज़ार श्रमजीवी सदस्यों ने लकड़ियाँ लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक रैली निकाली और भोजन प्रतीकात्मक रूप से त्यागकर विरोध जताया।

### एक दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन



संगठन के संस्थापक विवेक पंडित और अध्यक्ष रामभाऊ वर्ना के नेतृत्व में 5 नवंबर को ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय के सामने एक दिवसीय भूख हड़ताल आयोजित की गई। "आदिवासी बचाओ, कातकरी बचाओ" के संकल्प के साथ यह हड़ताल दीप जलाकर समाप्त की गई। ठाणे और पालघर के हज़ारों गाँवों में आदिवासी परिवारों ने अपने घरों के बाहर दीप जलाकर आत्मनिर्भरता और अस्तित्व बचाने का नया संकल्प लिया। गुरुवार को हज़ारों मज़दूरों ने ठाणे कलेक्टर कार्यालय तक विशाल मार्च निकाला, जबकि विवेक पंडित ने मौन व्रत धारण किया। संगठन ने कहा कि कातकरी समुदाय अब भी अशिक्षा, गरीबी, पलायन और कर्ज़ के चक्र में फंसा है। बाल तस्करी, जबरन मज़दूरी, बच्चों की मौतें और अधूरी सरकारी योजनाएँ स्थिति को और गंभीर बना रही हैं। श्रमजीवी संगठन ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा।

# कल्याण–बदलापुर सेक्शन में गर्डर कार्य के लिए विशेष ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल द्वारा कल्याण और बदलापुर के बीच फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) के गर्डर लांचिंग और डी-लांचिंग कार्य के लिए विशेष ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक 07/08 नवंबर (शुक्रवार–शनिवार) और 08/09 नवंबर (शनिवार–रविवार) की दरम्यानी रात को लिया जाएगा। ब्लॉक अवधि रात 01:50 बजे से 03:20 बजे तक (कुल 1 घंटे 30 मिनट) रहेगी और यह अप एवं डाउन साउथ ईस्ट (SE) लाइनों पर लागू होगा।

### उपनगरीय सेवाओं पर प्रभाव



ब्लॉक अवधि के दौरान कल्याण से कर्जत के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। सीएसएमटी–अंबरनाथ लोकल (A1) और अंबरनाथ–सीएसएमटी लोकल (A66) पूरी तरह रद्द रहेंगी। वहीं, सीएसएमटी–कर्जत लोकल (S1) को ठाणे पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और कर्जत–सीएसएमटी लोकल (S2) ठाणे से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी। मध्य रेल ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना इस अस्थायी बदलाव को ध्यान में रखते हुए बनाएं।

### मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों पर असर

ब्लॉक के कारण कुछ मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जन किया जाएगा। ट्रेन क्रमांक 11020 भुवनेश्वर–सीएसएमटी कोणार्क एक्सप्रेस तथा 18519 विशाखपट्टणम–एलटीटी एक्सप्रेस को कर्जत–पनवेल–दिवा मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। इन ट्रेनों के कल्याण स्टेशन पर ठहराव की जगह यात्रियों की सुविधा के लिए पनवेल और ठाणे स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा। इसके अलावा, ट्रेन क्रमांक 12702 हैदराबाद–सीएसएमटी हुसैनसागर एक्सप्रेस को वांगनी स्टेशन पर 03:13 बजे से 03:20 बजे तक रोका जाएगा।

# पश्चिम रेलवे अधिकारी ने प्रतिष्ठित आयरनमैन मलेशिया 2025 ट्रायथलॉन किया पूरा


डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन शर्मा ने 1 नवंबर 2025 को मलेशिया के लंगकावी द्वीप पर आयोजित विश्व प्रसिद्ध आयरनमैन मलेशिया ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा कर रेलवे परिवार को गौरवान्वित किया। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता दुनिया की सबसे कठिन धीरज चुनौतियों में गिनी जाती है, जिसमें 3.8 किमी समुद्र में तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी मैराथन दौड़ शामिल है। इस प्रकार सचिन शर्मा ने कुल 226 किमी की दूरी तय कर असाधारण साहस और फिटनेस का प्रदर्शन किया।

### कठिन मौसम और चुनौतीपूर्ण मार्ग में दिखाया दमखम



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, लंगकावी की गर्म और आर्द्र जलवायु ने इस ट्रायथलॉन को और कठिन बना दिया। पंताई कोक बीच से शुरू हुई तैराकी के बाद एथलीटों को घने जंगलों और खड़ी पहाड़ियों से गुजरते हुए 180 किमी लंबा साइकिलिंग मार्ग तय करना पड़ा, जिसकी कुल ऊंचाई लगभग 1600 मीटर थी। अंतिम 42.2 किमी की मैराथन दौड़ महसूरी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र से शुरू होकर चेनांग बीच पर समाप्त हुई। तेज़ गर्मी और उमस के बावजूद श्री शर्मा ने पूरे आयोजन के दौरान अद्भुत दृढ़ता और अनुशासन का परिचय दिया।




### 60 से अधिक मैराथनों में भाग ले चुके हैं सचिन शर्मा

दौड़ पूरी करने पर सचिन शर्मा को फ़िनिशर मेडल, फ़िनिशर टावर सिक्का और आयरनमैन फ़िनिशर जर्सी से सम्मानित किया गया। सचिन शर्मा एक अनुभवी धीरज एथलीट हैं, जो अब तक 60–70 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैराथनों में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की प्रसिद्ध कॉमरेड्स अल्ट्रा मैराथन, जैसलमेर की बॉर्डर रेस और लद्दाख की सिल्क रूट अल्ट्रा रेस भी सफलतापूर्वक पूरी की है।

# सड़क विकास कार्यों का शुभारंभ

ओपी यादव | वसई

विधायक स्नेहा ताई दुबे पंडित के प्रयासों और आग्रह पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार वसई के विभिन्न सड़कों के विकास कार्यों का शुभारंभ संपन्न हुआ। इन कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और टिकाऊ सड़क सुविधा प्रदान करना है।



### 14 प्रमुख सड़कों के विकास की प्रक्रिया शुरू

महानगरपालिका ने आदेशों का पालन करते हुए वसई तालुका के 14 महत्वपूर्ण सड़कों के खडीकरण और डांबरीकरण की प्रक्रिया आरंभ की। इनमें से 3 कार्यों का शुभारंभ 6 नवंबर 2025 को विधायक स्नेहा दुबे पंडित के हाथों से किया गया। शेष 11 सड़कों का कार्य आगामी दिनों में प्रारंभ किया जाएगा। इससे वसई के नागरिकों को बेहतर यातायात और सुविधा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में विधायक स्नेहा दुबे पंडित, बोईसर के विधायक विलास तरे, महानगरपालिका के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, अभियंते, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद त्वरित कार्रवाई

वसई और बोईसर विधानसभा क्षेत्रों के सीमावर्ती इलाकों की जर्जर सड़कों से नागरिक लंबे समय से परेशान थे। इस समस्या से राहत दिलाने के लिए विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर निधि मंजूरी और मरम्मत कार्यों के लिए तत्काल आदेश देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए वसई–विरार महानगरपालिका आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

**वृष** नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। प्रमाद न करें।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी।

**कर्क** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**सिंह** व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें।

**कन्या** पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृश्चिक** मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु** दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें। विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

**कुंभ** किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी।

**मीन** कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी।

## नाम का पहला अक्षर और प्यार: अक्षरों में छिपे प्रेम के रंग और व्यक्तित्व के रहस्य

**F** वाले लोग जन्मजात रोमांटिक होते हैं। इन्हें प्रेम में नाटकीयता पसंद है — मोमबत्ती की रोशनी, संगीत, फूलों की खुशबू और सपनों जैसे पल इनकी दुनिया का हिस्सा हैं। ये अपने साथी को बहुत भावनात्मक रूप से अपनाते हैं और उसे खुश रखने के लिए हर कोशिश करते हैं। इनके दिल में प्रेम का समंदर है, और ये अपने रिश्ते को आदर्श बनाना चाहते हैं। इनका प्यार शुद्ध, सुंदर और समर्पण से भरा होता है।

**G** अक्षर से नाम शुरू होने वाले लोग बुद्धिमान, योजनाबद्ध और समझदार प्रेमी होते हैं। इनके लिए प्यार केवल भावना नहीं, बल्कि एक जीवन निवेश है। ये रिश्ते में गहराई चाहते हैं, और साथी में स्थिरता और परिपक्वता खोजते हैं। इनका प्रेम धीमे-धीमे बढ़ता है, पर एक बार पनप जाए तो अमर हो जाता है। ये रिश्ते में भरोसे को सबसे ऊपर रखते हैं और किसी पर आसानी से विश्वास नहीं करते।

**H** अक्षर के लोग संकोची, गंभीर और भीतर से बहुत भावुक होते हैं। ये बाहर से शांत दिखते हैं लेकिन अंदर से प्यार की गहराई में बहुत डूबे होते हैं। इन्हें सम्मान और प्रतिष्ठा की चिंता रहती है। इसलिए ये अपने प्यार को अक्सर छिपाए रखते हैं। पर जब ये प्रेम व्यक्त करते हैं तो उनका समर्पण अतुलनीय होता है। इन्हें चोट लगती है तो ये टूटकर भी मुस्कुराते हैं। इनका प्रेम एक निःशब्द कविता की तरह होता है।




प्रियंका जैन
9769994439

**I** वाले लोग सुंदरता और बुद्धिमत्ता दोनों को महत्व देते हैं। इन्हें प्यार में शिष्टता चाहिए, गरिमा चाहिए, और सबसे ज़्यादा चाहिए भावनात्मक समझ। ये प्यार में संतुलन चाहते हैं — न अधिक अधिकार, न अधिक दूरी। ये रोमांटिक भी हैं और व्यावहारिक भी। पर अगर साथी इन्हें समझ न पाए तो ये चुपचाप दूर चले जाते हैं। इनका प्रेम सलीकेदार, कलात्मक और बेहद आत्मीय होता है।

**J** अक्षर के लोग जन्म से करिश्माई होते हैं। इनका व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली होता है कि लोग इनकी ओर खिंच जाते हैं। ये निडर, आत्मविश्वासी और दिलचस्प प्रेमी होते हैं। प्यार में ये अपने साथी को रानी या राजा जैसा मान देते हैं। ये हर रिश्ते को जोश से जीते हैं और चाहते हैं कि प्रेम में कोई कमी न रहे। इनके साथ रहना एक उत्सव जैसा होता है।

**K** वाले लोग आकर्षक, ग्लैमरस और रोमांच के प्रेमी होते हैं। ये प्यार को जीवन का उत्सव मानते हैं। पार्टनर के साथ घूमना, जश्न मनाना, दिखाना कि वे प्यार में हैं — ये सब उन्हें अच्छा लगता है। मगर इनके लिए साथी की बुद्धिमत्ता बहुत मायने रखती है। इन्हें दिखावे से ज्यादा समझदारी और आत्मविश्वास पसंद है। ये खुले दिल से प्यार करते हैं, पर अपने आत्मसम्मान से कभी समझौता नहीं करते।

**L** अक्षर के लोग गहरे, सपनीले और भावुक प्रेमी होते हैं। इनके लिए प्यार एक कविता की तरह है — जिसमें दर्द भी है, सुंदरता भी। ये दूसरों के दुख में खुद को भूल जाते हैं। अक्सर इन्हें किसी ऐसे व्यक्ति से प्रेम हो जाता है जो किसी परेशानी से गुजर रहा हो। इनकी सहानुभूति प्रेम में बदल जाती है। ये अपने प्रिय के लिए खुद को मिटा देने को तैयार रहते हैं। इनकी दुनिया कल्पनाओं और भावनाओं से भरी होती है।

**M** वाले लोग बहुत गहरे और वफादार प्रेमी होते हैं। इनके लिए प्यार खेल नहीं, बल्कि साधना है। जब ये किसी से जुड़ते हैं तो पूरी आत्मा से जुड़ते हैं। ये अपने साथी की देखभाल ऐसे करते हैं जैसे कोई रक्षक हो। इनका प्रेम बहुत तीव्र, बहुत जीवंत होता है। कभी-कभी इनका जुनून इतना गहरा होता है कि साथी चकित रह जाता है। इनका प्यार पवित्र, परिपूर्ण और अमर होता है।

(क्रमशः)

## न्यूज़ ब्रीफ

### इलेक्ट्रिक वाहन : 2027 तक मिलेगी पंजीकरण शुल्क पर छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जीवाश्म ईंधन से संचालित वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में परिवहन विभाग लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इस क्रम में कई योजनाओं पर लगातार काम किया जा है। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने गुरुवार को बताया कि परिवहन प्रणाली की स्थायी एवं स्वच्छ गतिशीलता बनाये रखने के लिए इलेक्ट्रानिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उप्र इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 प्रख्यापित की गयी। उप्र अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से उक्त नीति को 14 अक्टूबर 2022 को प्रख्यापित किया गया। इसमें उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में उक्त नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के फलस्वरूप नीति के चौथे एवं पांचवें वर्ष में उप्र में खरीदे गये एवं पंजीकृत केवल शुद्ध विद्युत वाहन के पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में शत प्रतिशत छूट एवं सब्सिडी प्रोत्साहन योजना का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत पांच नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना के तहत उप्र इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति-2022 के अधीन 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 के मध्य खरीदे जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में ग्राहकों को शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी।

### किसान बनकर खाद लेने पहुंचे एडीओ, लाइसेंस निरस्त

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के नैड़ी कठारी गांव में गुरुवार दोपहर एक खाद विक्रेता की पोल उस समय खुल गई जब एडीओ (एजी) नरेंद्र कानापुरिया खुद किसान बनकर डीएपी खाद लेने दुकान पर पहुंचे। जैसे ही दुकानदार मो. असलम ने निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद दी, एडीओ ने अपनी पहचान बताई तो दुकानदार के होश उड़ गए और वह कार्रवाई से बचने के लिए हाथ-पैर जोड़ने लगा। एडीओ एजी ने जांच के दौरान पाया कि दुकान पर स्टॉक रजिस्टर मौजूद नहीं था। पीओएस मशीन बंद थी और रेट बोर्ड भी नहीं लगा था। उन्होंने तत्काल इस पूरे प्रकरण की जानकारी जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार को दी और दुकान का लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति की। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई दुकानों पर शाम तक रेट बोर्ड और मशीनों की जांच खुद दुकानदार करने लगे। एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि शासन द्वारा खाद की बिक्री के लिए तय दरें स्पष्ट हैं, ऐसे में कोई भी दुकानदार किसानों के साथ लूट नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि ओवररेटिंग या अनियमितता पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### योगी आदित्यनाथ बोले जो राम से नहीं जुड़ा, उसका जीवन अधूरा है

**सीतामढ़ी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज तीन जनसभाएं की। पहली रैली में परिहार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार गायत्री देवी और सुरसंड से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार नागेंद्र राउत के लिए समर्थन मांगा, तो दूसरी रैली में प्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री और बेतिया से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए की कमल खिलाने तथा तीसरी रैली में बगहा से राम सिंह, राम नगर से नंद किशोर रामजी को जिताने की अपील की।

# बलिया के ऐतिहासिक ददरी मेले का शुभारंभ

एजेंसी | बलिया

पूर्वांचल की लोक संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक 'ददरी मेला' गुरुवार को विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। दयाशंकर सिंह ने कहा कि "ददरी मेला बलिया की पहचान है। यह केवल व्यापार का नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। यहां हर वर्ग, हर समुदाय एक साथ उत्सव में सहभागी होता है।" उन्होंने बताया कि इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन मेले की शुरुआत प्रस्तावित थी, किंतु मौसम की प्रतिकूलता के कारण भूमि पूजन में थोड़ी देरी हुई। उन्होंने कहा कि अब मेले का स्वरूप निखरने लगा है और आने वाले दिनों में पूरा परिसर उल्लास और रंगों से भर उठेगा। भूमिपूजन और शुभारंभ समारोह में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, जिलाध्यक्ष संजय मिश्र, विधायिका केतकी सिंह, पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, सीडीओ ओजस्वी राज, सीआरओ त्रिभुवन समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



### प्रशासनिक तैयारियों पर विशेष जोर

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि ददरी मेला इस बार और अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक रूप में आयोजित किया जा रहा है। सभी दुकानें एवं झूले आवंटित कर दिए गए हैं और अगले दो दिनों में पूरा मेला सज जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में लाइटिंग, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, महिला एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

### इस बार 1050 दुकानों की स्वीकृति

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जहां 554 दुकानें आवंटित हुई थीं, वहीं इस बार 1050 दुकानों को अनुमति दी गई है। नगर पालिका सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति और स्वच्छता की जिम्मेदारी संभालेगी।

## टेलर से सिलवाई वर्दी और टॉय गन लेकर बन गया सिपाही

एजेंसी | संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक फर्जी सिपाही को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जालसाज ने एक कबाड़ी व्यापारी को वर्दी का खौफ दिखाकर धमकाया और रुपयों की मांग की थी। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर फर्जी सिपाही को गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि मोहल्ला चौधरी सराय निवासी गय्यूर पुत्र मकबूल कबाड़ी व्यापारी है। उनसे पुलिस विभाग में तैनात सिपाही होने का दावा कर एक जालसाज ने रुपये मांगे। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आज उसे उस वक्त वर्दी पहने पकड़ लिया, जब पीड़ित से वह बात कर धमका रहा था। पूछताछ में पकड़े गए फर्जी सिपाही ने अपना नाम विष्णु बताया है, जो जनपद के ग्राम कुशावली थाना जुनावई का निवासी है। पूछताछ में उसने बताया कि उसे पहले बुलंदशहर की नरौरा पुलिस ने धारा 307 के तहत जेल भेजा था।



### पुलिस की वर्दी और टॉय गन बरामद

आरोपित विष्णु बाबू ने लगभग एक महीने पहले बहजोई थाना क्षेत्र के एक टेलर से सिपाही की वर्दी सिलवाई थी। उसने टेलर को बताया था कि वह पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात है। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित द्वारा अन्य किन-किन जगहों पर इस तरह की हरकतें कर लोगों को धमकाया गया है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। उसके कब्जे से वर्दी और एक टॉय गन बरामद की गई है।

## प्रयागराज से 50000 का इनामी तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी | प्रयागराज

प्रयागराज जिले में धूमनगंज एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने रविन्द्र पासी हत्या मामले में फरार पच्चास हजार के इनामी गौतस्कर को बेली गांव गुरुवार भोर में दबिश देकर गिरफ्तार किया। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ़्तार आरोपित प्रयागराज जिले के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के रसूलपुर मरियाडीह निवासी नूरैन पुत्र झरीमुल्ला उर्फ हाकिम अली है। इसके खिलाफ धूमनगंज थाने में रवींद्र पासी की हत्या का मुकदमा दर्ज हैं। वारदात के बाद से फरार है। पुलिस इसकी लगातार तलाश कर रही थी। गत दिनों हुई मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाते भाग निकला था। जिसके बाद इसकी गिरफ्तारी के लिए पचास हजार रूपए कर दिया गया। पुलिस की टीमें इसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार लगी हुई थी। नगर की एसओजी और धूमनगंज थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बेली गांव में दबिश देकर नुरैन को गिरफ्तार किया।

## बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 60.18 फीसद मतदान

एजेंसी | पटना



बिहार में गुरुवार को पहले चरण में 18 जिलों के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक रिकार्ड 60.18 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग की ओर से यह आंकड़े जारी किए गए हैं। मतदाताओं ने 1,314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद कर दिया। सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया है। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74 प्रतिशत, सहरसा में 62.65 प्रतिशत, दरभंगा में 58.38 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर में 65.23 प्रतिशत, गोपालगंज में 64.96 प्रतिशत, सीवान में 57.41 प्रतिशत, सारण में 60.90 प्रतिशत, वैशाली में 59.45 प्रतिशत, समस्तीपुर में 66.65 प्रतिशत, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32 प्रतिशत वोट डाले गए। इसी तरह खगड़िया में 60.65 प्रतिशत, मुंगेर में 54.90 प्रतिशत, लखीसराय में 62.76 प्रतिशत, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36 प्रतिशत, नालंदा में 57.58 प्रतिशत, पटना में 55.02 प्रतिशत, भोजपुर में 53.24 प्रतिशत, और बक्सर में 55.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक बेगूसराय में और सबसे कम शेखपुरा में मतदान हुआ। इलेक्शन कमीशन के द्वारा जारी यह आंकड़ा शाम पांच बजे तक का है।

## मां और पति के साथ लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

एजेंसी | सोनभद्र

म्योरपुर थाना पुलिस ने नकली शादी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में लुटेरी दुल्हन, उसकी मां और पति शामिल हैं। गिरोह के दो अन्य सदस्य अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने गुरुवार को बताया कि राजस्थान के जालौर जिले के निवासी रमेश कुमार पुत्र अजुबा राम ने आईजीआईएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि सोनभद्र के कुछ लोगों ने विवाह कराने के नाम पर धोखाधड़ी की और शादी के बाद दुल्हन जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए म्योरपुर थाना पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस टीम सक्रिय हुई और गुरुवार को मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रानी कुमारी (23 वर्ष), उसके पति रवि रंजन मौर्य (26 वर्ष) और मां माया देवी (50 वर्ष), निवासी सुपाचुआं, म्योरपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में तीनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वे एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हैं।



### शादी के एवज में करता था वसूली

पुलिस के अनुसार, गिरोह का सदस्य कृष्णा मौर्या वर पक्ष से संपर्क कर शादी तय करवाता था और मोटी रकम लेता था। शादी के बाद रानी नकली दुल्हन बनकर जेवरात और नगदी लेकर फरार हो जाती थी। गिरोह ज्यादातर दूर राज्यों से आए लोगों को निशाना बनाता था, ताकि शिकायत दर्ज कराने में उन्हें मुश्किल हो और गिरोह बच निकल सके।

### दो आरोपी अभी भी फरार

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को उन्होंने इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था और लूटे गए करीब 1.5 लाख रुपये मूल्य के जेवर बेचने के लिए रॉबर्ट्सगंज जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक, लूट की राशि का बड़ा हिस्सा गिरोह के सरगना कृष्णा मौर्या के पास है। एसपी वर्मा ने बताया कि फरार दो आरोपियों – कृष्ण कुमार मौर्य और राजू माली की तलाश जारी है।

## 'जो सेना पर सवाल उठाए, उससे देशभक्ति की उम्मीद बेमानी'

एजेंसी | कटिहार

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 11 नवम्बर को होने वाले मतदान से पहले कटिहार का राजनीतिक तापमान तेजी से बढ़ गया है। गुरुवार को जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक विशाल जनसभा में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एनडीए प्रत्याशी विजय सिंह निषाद के समर्थन में जनसमर्थन जुटाया। मुख्यमंत्री सरमा ने कांग्रेस और महागठबंधन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि "बिहार में इस बार नरेंद्र मोदी की सोच और नीतीश कुमार के अनुभव की डबल इंजन सरकार बनने जा रही है। राज्य के गांव-गांव में विकास की लहर नहीं, मोदी-नीतीश की सुनामी बह रही है। जनता अब वादों पर नहीं, काम पर वोट दे रही है।"कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सरमा ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी ही सेना पर सवाल उठाता है, वह देशभक्ति की बात नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जनता अब ऐसे लोगों को जवाब देने के लिए तैयार है। सरमा ने एसआईआर, राममंदिर, बांग्लादेशी घुसपैठिया, बिहार में जंगलराज जैसे कई मुद्दों को लेकर राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार किया। कहा, "राहुल गांधी अब मानसिक रूप से असंतुलित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को विकास की नई राह पर आगे बढ़ाया है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से गांव-गांव तक विकास पहुंचा है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ शासन चलाया है, वैसा उदाहरण देश में दुर्लभ है।"

# व्यापार जगत

## फिजिक्स वाला की प्राइस बैंड का किया ऐलान

### 11 नवंबर को खुलेगा 3,480 करोड़ का आईपीओ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

ऑनलाइन एजुकेशन सेक्टर की यूनिकॉर्न कंपनी फिजिक्सवाला अपना आईपीओ लॉन्च करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। कंपनी ने गुरुवार को आईपीओ के लिए प्राइस बैंड का भी ऐलान कर दिया है। फिजिक्सवाला ने 103-109 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड सेट किया है। कंपनी इस सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से 3480 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी की है। यह आईपीओ 11 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा, जबकि 13 नवंबर तक बोली लगाई जा सकते हैं। वहीं, एंकर निवेशकों के लिए 10 नवंबर को सब्सक्रिप्शन विंडो खुलेगी। कंपनी का टार्गेट अपर प्राइस बैंड पर 31,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की वैल्यूएशन हासिल करना है।




### अलख पांडे और प्रतीक बूब बेच रहे अपनी हिस्सेदारी

यह इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग दो हिस्सों में बंटी हुई है। इसमें 3100 करोड़ रुपये के फ्रेश इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 380 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। ऑफर फॉर सेल में प्रमोटर्स अलख पांडे और प्रतीक बूब 190-190 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेचेंगे।

### इन जगहों पर खर्च होगा पैसा

कंपनी ओर से दाखिल ड्रॉफ्ट के मुताबिक, आईपीओ से आई फंडिंग में से 450 कोरड़ रुपये नई ऑफलाइन और हाईब्रिड सेंटर्स के विस्तार में खर्च किया जाएगा। इसके साथ ही 548.3 करोड़ रुपये इन सेंटर्स को लीज पर लेने के लिए खर्च किया जाएगा। इसके अलावा, 47.2 करोड़ रुपये फिजिक्सवाला की सब्सिडरी लारलिंग के विस्तार के लिए किया जाएगा। इसमें सर्वर और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर और मार्केटिंग शामिल है। बता दें कि आज सुबह 10:32 बजे फिजिक्सवाला आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम 9 रुपये पर था। जीएमपी ट्रैकिंग वेबसाइट इंवेस्टरगेन के मुताबिक, आईपीओ के अपर प्राइस बैंड 109 रुपये के आधार पर इसकी लिस्टिंग 118 रुपये के आसपास होने की उम्मीद है। यानी यह 8.26 प्रतिशत लिस्टिंग गेन की ओर संकेत कर रहा है। हालांकि, आईपीओ का जीएमपी पूरी तरह से मार्केट की मौजूदा स्थिति पर निर्भर करता है और इसमें उतार-चढ़ाव लगा रहता है।

### फिजिक्सवाला आईपीओ स्ट्रक्टर

कंपनी ने 137 शेयरों का एक लॉट तय किया है। ऐसे में रिटेल इन्वेस्टर्स को कम से कम 1 लॉट के लिए सब्सक्राइब करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का 75 प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए तय किया है, जबकि 15 प्रतिशत हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इंवेस्टर्स के तय किया है। इसके बाद 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इन्वेस्टर्स के रिजर्व है।

## वर्धमान समूह ने घाटकोपर में 'वर्धमान पैलेस' का किया भूमि पूजन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनी विकास गति को और मजबूत करते हुए, गुणवत्ता और भरोसे का पर्याय माने जाने वाले वर्धमान समूह ने घाटकोपर (पूर्व) में अपने नए प्रीमियम आवासीय प्रोजेक्ट 'वर्धमान पैलेस' का भूमि पूजन किया। यह इस वर्ष समूह द्वारा किया गया सातवां भूमि पूजन है, जो मुंबई के आवासीय बाजार में उसके तेज़ी से विस्तार और ग्राहकों के प्रति समर्पण को दर्शाता है।




### लक्ज़री और आधुनिकता का संगम

रणनीतिक रूप से स्थित वर्धमान पैलेस 3बीएचके और 4बीएचके के प्रीमियम आवास विकल्प प्रदान करता है। इनमें 3बीएचके फ्लैट्स 1,057 से 1,331 वर्ग फुट क्षेत्र में उपलब्ध हैं, जिनकी शुरुआती कीमत 4 करोड़ है। वहीं, 4बीएचके यूनिट्स 2,125 वर्ग फुट के क्षेत्र में 6 करोड़ से शुरू होती हैं। परियोजना आधुनिक वास्तुकला, उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण और समकालीन जीवनशैली सुविधाओं का उत्कृष्ट मिश्रण है।

### वेलनेस और कम्युनिटी लिविंग पर फोकस

निवासियों के लिए वर्धमान पैलेस में लेवल पी5 पर अत्याधुनिक जिम, सोसाइटी ऑफिस, बहुउद्देशीय कोर्ट, बच्चों के खेल का मैदान, योग क्षेत्र और वरिष्ठ नागरिकों के लिए रुफटॉप अवकाश क्षेत्र जैसी सुविधाएं होंगी। यह प्रोजेक्ट स्वास्थ्य, सामुदायिक जुड़ाव और आधुनिक जीवनशैली के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है। इस अवसर पर वर्धमान समूह के प्रबंध निदेशक साहिल बी. मेहता ने कहा, श्वर्धमान पैलेस का भूमि पूजन आधुनिक परिवारों के लिए स्थायी और सुंदर आवास तैयार करने की दिशा में एक और कदम है।

## भारत को बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत: सीतारमण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि देश को बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) और बैकों के साथ चर्चा चल रही है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और इससे कुल मिलाकर निवेश बढ़ेगा। मुंबई में 'आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करना' विषय पर 12वें एसबीआई बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत पूरी करने पर काम शुरू हो चुका है। हम आरबीआई के साथ चर्चा कर रहे हैं। हम बैंकों के साथ भी चर्चा कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है।

## पेरू और चिली के साथ व्यापार की राह हो रही आसान

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने पेरू और चिली के साथ व्यापक व्यापार समझौतों पर चल रही वार्ताओं के प्रमुख दौर सफलतापूर्वक पूरे कर लिए। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब भारत अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी के बीच अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की दिशा में तेज़ी से काम कर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत और पेरू के बीच 9वें दौर की व्यापार समझौता वार्ता तीन से पांच नवंबर तक लीमा (पेरू) में आयोजित की गई। वार्ता में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, मौलिकता के नियम, तकनीकी बाधाएं, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं, विवाद समाधान, और महत्वपूर्ण खनिज सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर ठोस प्रगति हुई। समापन सत्र में पेरू की विदेश व्यापार एवं पर्यटन मंत्री टेरेसा स्टेला मेरा गोमेज और विदेश व्यापार उप-मंत्री सीजर ऑगस्टो लोना सिल्वा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव एवं मुख्य वार्ताकार विमल आनंद ने किया, जबकि पेरू में भारत के राजदूत विश्वास विदु सपकाल ने भारत की ओर से भाग लिया।

## दूसरी तिमाही में 32 फीसद बढ़ा LIC का मुनाफा

एजेंसी | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के परिणाम जारी कर दिए हैं। कंपनी का शुद्ध लाभ इस तिमाही में 32 प्रतिशत बढ़कर 10,053 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में एलआईसी ने 7,621 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। एलआईसी के सीईओ एवं एमडी आर. दोरईस्वामी ने नतीजों पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम भारत सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में जीएसटी से जुड़े हालिया सुधारों को लेकर बेहद आशावादी हैं।




### एक नजर में एलआईसी का प्रदर्शन

कुल आय : एलआईसी की कुल आय जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही में बढ़कर 2,39,614 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 2,29,620 करोड़ रुपये थी।

शुद्ध प्रीमियम आय : कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय में भी वृद्धि दर्ज हुई और यह बढ़कर 1,26,479 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष यह 1,19,901 करोड़ रुपये थी।

कुल व्यय : इसी अवधि में कंपनी का कुल व्यय 2,30,160 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष 2,22,366 करोड़ रुपये था।

2026 वर्ल्ड आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप की मिली मेजबानी

# 75 देशों के खिलाड़ी दिखाएंगे पंजे का दम

**मुंबई।** भारत एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर इतिहास रचने जा रहा है। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने घोषणा की है कि देश अक्टूबर 2026 में प्रतिष्ठित वर्ल्ड आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। यह आयोजन न केवल भारत के लिए गौरव का क्षण होगा, बल्कि आर्मरेसलिंग को देशभर में नई पहचान भी दिलाएगा। इस विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में करीब 75 देशों से 1,500 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में अपनी ताकत आजमाएंगे। यह आयोजन भारत को वैश्विक आर्मरेसलिंग मानचित्र पर एक मजबूत स्थान दिलाने के साथ-साथ देश की खेल-क्षमता और आयोजन-क्षमता दोनों को प्रदर्शित करेगा। वर्ल्ड आर्मरेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष अस्सेन हाडजिटोडोरोव ने भारत को यह जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा, "भारत ने पिछले कुछ वर्षों में इस खेल में असाधारण प्रगति की है। मिस प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में पीएएफआई ने आर्मरेसलिंग को एक प्रतिस्पर्धात्मक और सांस्कृतिक आंदोलन में बदल दिया है।




### प्रो पंजा लीग ने बनाई पहचान

भारत में आर्मरेसलिंग को लोकप्रिय बनाने में प्रो पंजा लीग ने अहम भूमिका निभाई है, जो आज दुनिया की सबसे बड़ी प्रोफेशनल आर्मरेसलिंग लीग के रूप में जानी जाती है। इसकी प्रतिस्पर्धात्मकता, प्रोडक्शन क्वालिटी और दर्शक जुड़ाव ने इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक प्रवीण डबास ने खुशी जाहिर की है।

### लगातार दो साल की मेजबानी

इससे पहले भारत ने 2024 में एशियन आर्मरेसलिंग कप (मुंबई) और 2025 में एशियन आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप (नई दिल्ली) का सफल आयोजन किया था, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली थी। अब वर्ल्ड चैम्पियनशिप की मेजबानी देश के बढ़ते खेल प्रभुत्व का प्रमाण मानी जा रही है।

## पैरा तीरंदाज शीतल देवी एशिया कप स्टेज-3 में चयनित



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्हें आगामी एशिया कप 2025 स्टेज-3 (एबल-बॉडी जूनियर वर्ग) के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। यह प्रतियोगिता सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित की जाएगी। 18 वर्षीय शीतल देवी ने इस वर्ष पेरिस पैरालंपिक 2024 में मिश्रित टीम कम्पाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एशिया कप जूनियर चयन ट्रायल्स में उन्होंने तीसरा स्थान हासिल कर भारतीय टीम में जगह बनाई। यह पहली बार है जब किसी पैरा-एथलीट को एबल-बॉडी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।

चयन पर खुशी जाहिर करते हुए शीतल ने सोशल मीडिया पर लिखा, "जब मैंने प्रतिस्पर्धा करना शुरू किया था, मेरा एक छोटा-सा सपना था – एक दिन एबल-बॉडी खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का। शुरू में मैं सफल नहीं हुई, लेकिन हर असफलता से सीखती रही। आज वह सपना एक कदम और करीब आ गया है। जूनियर एशिया कप ट्रायल्स में मैंने तीसरा स्थान प्राप्त किया और अब एबल कैटेगरी में भारत का प्रतिनिधित्व करूंगी।"

## मिडिल आर्डर में जगह बनाने को बेताब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैट शॉर्ट

टी20 विश्व कप 2026

एजेंसी । नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मैट शॉर्ट ने कहा, भले ही वे ओपनिंग करना पसंद करते हैं, लेकिन टी20 विश्व कप 2026 में टीम में अपनी जगह पक्की करने का सबसे बड़ा अवसर उन्हें मिडिल या लोअर ऑर्डर में ही दिखाई देता है।

29 वर्षीय शॉर्ट पिछले वर्ष वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्वकप में रिज़र्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल थे, हालांकि उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। अब भारत के खिलाफ जारी टी20 सीरीज़ उनके लिए चयन की दृष्टि से अहम साबित हो सकती है। यह श्रृंखला क्वींसलैंड में गोल्ड कोस्ट और गाबा में होने वाले मैचों के साथ समाप्त होगी।

### जब 30 गेंदों में खेली 66 रन की पारी

शॉर्ट ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ओपनिंग करते हुए 30 गेंदों पर 66 रन की यादगार पारी खेली थी। लेकिन मौजूदा सीरीज़ में वे नंबर 7 पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बातचीत में कहा, "मैं व्यक्तिगत रूप से ओपनिंग को अपनी सबसे मजबूत पोज़ीशन मानता हूं, लेकिन चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ के साथ चर्चा के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि वर्ल्ड कप के लिए शीर्ष क्रम लगभग तय है। ऐसे में मेरे लिए टीम में शामिल होने का सबसे बेहतर मौका मिडिल या लोअर ऑर्डर में है।"



### वर्ल्ड कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना

शॉर्ट ने आगे कहा, "वर्ल्ड कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। पिछली बार मैं रिज़र्व के तौर पर गया था, लेकिन इस बार मैं मैदान पर उतरना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की बात है — चाहे वह वर्ल्ड कप हो या कोई द्विपक्षीय सीरीज़।" एडिलेड स्ट्राइकर्स के कप्तान शॉर्ट ने बीबीएल 12 और बीबीएल 13 में लगातार शानदार प्रदर्शन कर "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" का खिताब जीता था।

# लियोनेल मेसी बेस्ट इलेवन के कप्तान



एजेंसी । नई दिल्ली

फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी को इस सीज़न के मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की सर्वश्रेष्ठ टीम (बेस्ट इलेवन) का कप्तान चुना गया है। इस सूची में नौ अलग-अलग क्लबों के खिलाड़ियों को जगह मिली है।

इंटर मियामी के इस अर्जेंटीनी फॉरवर्ड ने इस सीज़न में 29 गोल और 19 असिस्ट किए, यानी कुल 48 गोल योगदान दिए — जो 2019 में कार्लोस वेला द्वारा बनाए गए 49 योगदानों के रिकॉर्ड से बस एक कम है। मेसी अब लीग इतिहास में लगातार दो बार एमवीपी पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।

बुधवार को एमएलएस द्वारा घोषित इस सूची में सात देशों के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें से छह खिलाड़ी पहली बार बेस्ट इलेवन में जगह बना पाए हैं। फिलाडेल्फिया यूनियन (जेकब ग्लेसनेस और काई वाग्नर) और वैंकूवर व्हाइटकैप्स (ट्रिस्टन ब्लैकमोन और सेबेस्टियन बर्हाल्टर) ऐसी दो टीमें हैं, जिनके दो-दो खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं। गौरतलब है कि बेस्ट इलेवन का चयन हर साल मीडिया, एमएलएस खिलाड़ियों और क्लब टेक्निकल स्टाफ के वोटों से किया जाता है

# RCB महिला टीम के कोच बने मलोलन रंगराजन

### 2024 से ल्यूक विलियम्स निभा रहे थे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन के लिए मलोलन रंगराजन को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। वे ल्यूक विलियम्स की जगह लेंगे, जो 2024 से इस भूमिका में थे। आगामी सीजन जनवरी की शुरुआत में होना तय है। इस दौरान ल्यूक विलियम्स एडिलेड स्ट्राइकर्स (बिग बैश लीग) के मुख्य कोच के रूप में व्यस्त रहेंगे, जिसके कारण उन्होंने पद छोड़ा है। तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर मलोलन रंगराजन पिछले छह वर्षों से आरसीबी फ्रेंचाइज़ी के साथ विभिन्न भूमिकाओं में जुड़े रहे हैं। पिछले दो वर्षों से वे आरसीबी महिला टीम के सहायक कोच के रूप में कार्यरत थे।

### कैप्टन स्मृति मंधाना से अच्छा तालमेल



उनकी नियुक्ति पर कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, "मेरा उनके साथ बहुत अच्छा तालमेल है और हमने कई बार क्रिकेट पर शानदार चर्चाएँ की हैं। वे पिछले तीन सालों से टीम पर सकारात्मक प्रभाव डालते रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि हम साथ मिलकर आने वाले सीजन में आरसीबी को सफलता की ओर ले जाएंगे।" गौरतलब है कि आरसीबी महिला टीम ने डब्ल्यूपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता था, हालांकि पिछला सीजन वे चौथे स्थान पर रही थी।

## बॉ ली वु ड

# इमरान हाशमी ने 'आवारापन 2' को लेकर खोला राज

**बॉ**लीवुड अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'हक' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इसके साथ ही फैंस का ध्यान उनके एक और बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट 'आवारापन 2' पर भी टिका है। 2007 में रिलीज़ हुई 'आवारापन' ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी, और इसके सीक्वल का ऐलान होते ही फैंस इसके हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इमरान ने खुद फिल्म पर खुलकर बात की है।

दिए इंटरव्यू इमरान हाशमी ने बताया, ₹मैं अगले महीने फिल्म की शूटिंग शुरू करने जा रहा हूं। इसमें कुछ वाकई बहुत इंटेंस सीन शूट किए गए हैं और इसका संगीत कमाल का है। फिलहाल मैं ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, लेकिन जब दर्शक फिल्म देखेंगे, तो उन्हें खुद समझ आएगा कि हमने किस स्तर पर काम किया है। उन्होंने आगे कहा, 2022 में जब मेरे दोस्त बिलाल स्क्रिप्ट लेकर आए, तो हमें कुछ बेहद शानदार मिला जो कहानी और किरदार दोनों के लिहाज से सही बैठता है।

इमरान ने साफ कहा, मैं 'आवारापन 2' सिर्फ प्रशंसकों की संख्या बढ़ाने या लोकप्रियता का फायदा उठाने के लिए नहीं कर रहा हूं। हां, यह सच है कि जब भी मैं फैंस से मिलता हूं, तो वे कहते हैं, 'हमें यह फिल्म बहुत पसंद है।' लेकिन 'आवारापन' को जो भावनात्मक जुड़ाव और गहराई दर्शकों से मिली थी, वही इस सीक्वल का असली प्रेरणा स्रोत है।



इंद्राणी मुखर्जी एंटरप्राइज़ ने टैगोर की

# 'चित्रांगदा – एक सशक्त नारी' को दिया आधुनिक नाट्य रूप

**बां**द्रा के सेंट एंड्रयूज़ ऑडिटोरियम में 25 अक्टूबर 2025 शाम को कला, संगीत और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने मिला, जब इंद्राणी मुखर्जी एंटरप्राइज़ (IME) ने रवींद्रनाथ टैगोर की अमर रचना 'चित्रांगदा – एक सशक्त नारी' का पुनर्प्रदर्शन किया। इस प्रस्तुति ने न केवल टैगोर की दृष्टि को नया जीवन दिया, बल्कि आधुनिक रंगमंच में IME की रचनात्मक उत्कृष्टता को भी स्थापित किया।

मुख्य भूमिका में रहीं इंद्राणी मुखर्जी, जिन्होंने राजकन्या चित्रांगदा के माध्यम से स्त्री की शक्ति, संवेदना और आत्मसंघर्ष का ऐसा जीवंत चित्र प्रस्तुत किया कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। उनके सशक्त अभिनय और नृत्य ने टैगोर की नारी अवधारणा को समकालीन परिप्रेक्ष्य में पुनः परिभाषित किया।



अर्जुन की भूमिका में सुब्रत पंडा ने अपने नाट्य प्रशिक्षण और भावनात्मक गहराई से सभी को प्रभावित किया। उनके और इंद्राणी के बीच की रास-रचनात्मक ऊर्जा ने मंच पर जादू बिखेर दिया।


निर्देशक टोनी और मधुमिता चक्रवर्ती के कुशल मार्गदर्शन में यह प्रस्तुति प्रकाश-संयोजन, संगीत और नृत्यकला के सुंदर मेल से सजी। शांतनु भट्टाचार्य के संगीत ने कथा की भावनाओं को नई ऊंचाई दी।

इंद्राणी मुखर्जी ने कहा, 'चित्रांगदा हर बार हमें कुछ नया सिखाती है- यह नारीत्व, आत्मखोज और सृजन की सतत यात्रा है।' IME अब टैगोर की कहानियों पर आधारित नई प्रस्तुतियों की श्रृंखला शुरू करने जा रही है- जो भारतीय साहित्य और समकालीन नाट्यकला को एक नए युग में ले जाएगी।

# '120 बहादुर' का ट्रेलर रिलीज, फरहान अख्तर बने मेजर शैतान सिंह

**बॉ**लीवुड अभिनेता फरहान अख्तर अपनी बहुप्रतीक्षित देशभक्ति फिल्म '120 बहादुर' के साथ फिर से बड़े पर्दे पर लौटने के लिए तैयार हैं। फिल्म का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है और इसे देखकर दर्शकों के रौंगटे खड़े हो गए हैं। 2 मिनट 39 सेकंड लंबे इस ट्रेलर में भारतीय सेना के 120 बहादुर जवानों की कहानी दिखाई गई है, जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध में अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा की थी।

ट्रेलर की शुरुआत दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की गंभीर आवाज़ से होती है, जो भारत-चीन युद्ध के ऐतिहासिक संदर्भ को बताते हुए कहते हैं, कुछ लड़ाइयां सिर्फ सरहदों के लिए नहीं, बल्कि आत्मसम्मान के लिए लड़ी जाती हैं।₹ इसके बाद दृश्य बदलते हैं और फरहान अख्तर अपने सैनिक साथियों के साथ दुर्गम बर्फीले इलाकों में दुश्मन का सामना करते दिखाई देते हैं। फरहान का किरदार, मेजर शैतान सिंह भाटी, निडर और दृढ़ संकल्पित सैनिक के रूप में उभरता है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद 120 वीरों के साथ हजारों चीनी सैनिकों का डटकर मुकाबला करता है।



### निर्देशन और विजुअल्स ने बढ़ाया उत्साह

फिल्म का निर्देशन रजनीश 'रेजी' घई ने किया है, जो इससे पहले एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म में फरहान अख्तर के अलावा राशि खन्ना और एजाज खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। राशि एक संवेदनशील किरदार में नजर आती हैं जो देश के जवानों के संघर्ष को भावनात्मक गहराई देती हैं। वहीं एजाज खान अपने सशक्त संवादों और तीव्र स्क्रीन प्रेज़ेंस से ध्यान खींचते हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान निर्माताओं ने लिखा, एक सच्ची कहानी पर आधारित जिसने हमारे देश के इतिहास को आकार दिया, 120 बहादुर का ट्रेलर अब जारी हो गया है। फिल्म के निर्माता अमित चंद्रा हैं, जिन्होंने इसे बड़े पैमाने पर बनाया है ताकि दर्शक 1962 के युद्ध की वीरता को महसूस कर सकें। फिल्म '120 बहादुर' 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म सिर्फ एक युद्ध की कहानी नहीं, बल्कि उन सैनिकों की गाथा है।

## टी.वी जगत

### सन नियो ला रहा है नया शो 'सत्या साची'




कहते हैं, बहनें सिर्फ़ खून के रिश्ते से नहीं, दिल से जुड़ी होती हैं, और इन्हीं एहसासों को खूबसूरती से पेश करने आ रहा है सन नियो का नया शो 'सत्या साची'। यह शो दो बहनों के अटूट प्रेम, त्याग और वादे की कहानी है, जो हर दर्शक के दिल को छू लेगी। आनंदिता साहू और भाग्यश्री मिश्रा इस शो में क्रमशः सत्या और साची की भूमिका निभा रही हैं। इन दोनों किरदारों के ज़रिए 'सत्या साची' बहन के रिश्ते की गहराई, प्यार और सच्चाई को एक संवेदनशील अंदाज़ में बयां करेगा। शो का प्रसारण 10 नवंबर से हर रात 8 बजे किया जाएगा।

### प्रयागराज की पृष्ठभूमि में दो बहनों की जर्नी

प्रयागराज के ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी दो बहनें, सत्या और साची, एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। जीवन की तमाम मुश्किलों के बावजूद वे अपनी मां से किए वादे, 'हमेशा एक-दूसरे की रक्षा करना' को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। यही वादा उनकी ज़िंदगी की नींव बन जाता है।

# नई सिनेमाई यात्रा शुरू करेंगे मणिरत्नम

**दि**ग्गज निर्देशक मणिरत्नम, जिन्होंने हाल ही में कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का निर्देशन किया था, अब सुपरस्टार विजय सेतुपति के साथ एक नए प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में 'कांतारा चैप्टर 1' की अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत भी मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर प्रशंसकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। यह दूसरा मौका होगा जब विजय सेतुपति और मणिरत्नम एक साथ काम करेंगे। इससे पहले दोनों ने 2018 की फिल्म 'चेक्का चिवन्था वनम' में साथ काम किया था, जिसे दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने खूब सराहा था। रिपोर्ट के अनुसार, मणिरत्नम इस बार एक खूबसूरत प्रेम कहानी पर काम कर रहे हैं, जिसमें विजय सेतुपति और रुक्मिणी वसंत लीड जोड़ी के रूप में नजर आएंगे।



मनी लांड्रिंग : सट्टेबाजी प्रकरण में दो क्रिकेटरों पर ED की बड़ी कार्रवाई

# रैना और धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति जब्त



▶▶ दोनों पर सट्टेबाजी के एप्लीकेशन 1xBet प्लेटफॉर्म के प्रचार का आरोप

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एप '1xBet' से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की कुल 11.14 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के तहत की गई इस कार्रवाई में धवन की 4.50 करोड़ की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड निवेश को अस्थायी रूप से जब्त किया गया है।

## विदेशी एप्लीकेशन है '1xBet'

सूत्रों के अनुसार, '1xBet' एक विदेशी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म है, जो भारत में ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी पर कानूनी प्रतिबंधों के बावजूद सक्रिय था। ईडी ने इस ऐप से जुड़े फंड ट्रांसफर नेटवर्क और हवाला चैनलों का भी पता लगाया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में अन्य हस्तियों और कंपनियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। ईडी प्रवक्ता ने कहा, देश में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और उससे जुड़े वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाना हमारी प्राथमिकता है।

## विदेशी कंपनियों से किया अनुबंध

एजेंसी की जांच में सामने आया है कि दोनों खिलाड़ियों ने विदेशी कंपनियों के साथ अनुबंध कर अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म '1xBet' को प्रमोट किया था। ईडी का कहना है कि इन प्रमोशनल गतिविधियों के माध्यम से खिलाड़ियों ने आर्थिक लाभ अर्जित किया, जो मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे में आता है। ईडी ने इस केस में पहले भी कई नामी हस्तियों से पूछताछ की थी, जिनमें क्रिकेटर युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, सोनू सूद, मिमी चक्रवर्ती (पूर्व सांसद) और बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा शामिल हैं। एजेंसी ने कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के बयान भी दर्ज किए हैं, जिन्होंने इस ऐप को प्रमोट किया था।

## ED की कार्रवाई

ईडी ने इस केस में चार पेमेंट गेटवे पर छापेमारी की है और 60 से ज्यादा बैंक अकाउंट्स को फ्रीज़ किया है। अब तक 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम फ्रीज की जा चुकी है। ईडी ने आम लोगों को आगाह किया है कि वे किसी भी तरह के ऑनलाइन सट्टेबाजी या जुए के प्रचार या निवेश से दूर रहें। ईडी ने कहा कि गैरकानूनी सट्टेबाजी और जुआ न सिर्फ आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को भी बढ़ावा देते हैं। लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन विज्ञापन या ट्रांजैक्शन की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस या ईडी को दें।

## जांच में क्या सामने आया

- ▶▶ XBET भारत में हजारों फर्जी (म्यूल) बैंक खातों के ज़रिए पैसों का लेनदेन कर रहा था।
- ▶▶ अब तक  से ज्यादा फर्जी खाते सामने आए हैं।
- ▶▶ इन खातों के ज़रिए सट्टेबाजी की रकम को अलग-अलग पेमेंट गेटवे से गुज़ारकर असली स्रोत छिपाया गया।
- ▶▶ जांच में पाया गया कि कई पेमेंट गेटवे बिना KYC वेरिफिकेशन के ही व्यापारी (मर्चेंट) जोड़ रहे थे।
- ▶▶ मनी लॉन्ड्रिंग का कुल ट्रेल  करोड़ से ज्यादा का है।

# 'कालमेघी' ने फिलीपींस में मचाई तबाही, देशभर में आपदा घोषित

114 मौतों की पुष्टि, सैकड़ों लापता, राहत-बचाव अभियान जारी



**एजेंसी | मनीला**

फिलीपींस में भीषण तूफान 'कालमेघी' के कारण आई व्यापक बाढ़ और तबाही के बाद सरकार ने देशव्यापी आपदा की स्थिति घोषित कर दी है। यह इस वर्ष का अब तक का सबसे घातक और शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, तूफान से अब तक 114 लोगों की मौत, 127 लापता और 82 घायल हुए हैं। सबसे अधिक नुकसान सेबू द्वीप पर हुआ है, जहां 71 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा कार्यालय के आधिकारिक आंकड़ों से इतर, सेबू प्रशासन ने अतिरिक्त 28 मौतों की पुष्टि की है। अधिकांश मौतें बाढ़ के पानी में डूबने से हुई हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, शुक्रवार सुबह तक तूफान वियतनाम के तटीय क्षेत्रों से टकरा सकता है, जबकि थाईलैंड ने भी बाढ़, भूस्खलन और नदियों के उफान की चेतावनी जारी की है।

## दर्जनों कस्बे जलमग्न, मकान बहे

तूफान के चलते पहाड़ी इलाकों से कीचड़ और मलबे के बहाव ने दर्जनों कस्बों को जलमग्न और तबाह कर दिया। कई आवासीय क्षेत्र बर्बाद हो गए, सैकड़ों घर और वाहन बह गए तथा पीछे हटते पानी ने कीचड़ की मोटी परत छोड़ दी। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को "अभूतपूर्व आपदा" बताया है।

## सेबू में चार लाख लोग विस्थापित

राष्ट्रीय आपदा एजेंसी के अनुसार, सेबू प्रांत की 25 लाख आबादी में से चार लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। मृतकों में एक सैन्य हेलीकॉप्टर के छह चालक दल सदस्य भी शामिल हैं, जो राहत कार्यों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को आपात स्थिति की घोषणा करते हुए कहा, "लगभग दस से बारह क्षेत्र इस आपदा से बुरी तरह प्रभावित हैं। इतने व्यापक प्रभाव के कारण इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करना आवश्यक था।"

## बाढ़ का संकट अभी भी बरकरार

'कालमेघी', जिसे स्थानीय तौर पर 'टिनो' कहा जा रहा है, इस वर्ष फिलीपींस में दस्तक देने वाला 20वां उष्णकटिबंधीय चक्रवात है। तूफान अब फिलीपींस से हटकर मध्य वियतनाम की ओर बढ़ गया है, जहां पहले से ही भारी बारिश और बाढ़ का संकट बना हुआ है। वियतनाम में एहतियातन 50 से अधिक उड़ानें रद्द या पुनर्निर्धारित कर दी गई हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत-पाक युद्ध में गिरे थे आठ विमान : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गिराए गए विमानों की संख्या के बारे में अपनी टिप्पणी पर एक बार फिर सफाई देते हुए कहा, 'वास्तव में, आठ विमान मार गिराए गए थे।' मियामी बिज़नेस फ़ोरम में ट्रंप ने कहा, पाकिस्तान-भारत युद्ध के दौरान, मैंने रिपोर्टें सुनीं। कुछ अख़बारों ने कहा कि सात या आठ विमान मार गिराए गए। एक ने लिखा कि सात नष्ट हो गए और एक क्षतिग्रस्त हो गया। मैं किसी अख़बार का नाम नहीं लूँगा, लेकिन ज्यादातर ने झूठी खबरें फैलाईं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वास्तविक संख्या आठ विमानों की थी। इस बीच ट्रंप ने न्यूयॉर्क के राजनीतिक परिदृश्य पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देखते हैं कि ज़ोहरान ममदानी न्यूयॉर्क में कैसा प्रदर्शन करते हैं। हम उनकी थोड़ी मदद करेंगे। हालांकि, ट्रंप ने स्पष्ट किया कि शहर ने एक वामपंथी नेता चुनकर अपनी संप्रभुता खो दी है।

### कुत्ते के काटने पर मांगा 20 लाख का मुआवजा, नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आवारा कुत्ते के हमले में गंभीर रुप से जख्मी एक महिला द्वारा 20 लाख का मुआवजा देने की मांग पर दिल्ली नगर निगम को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा की बेंच ने जारी नोटिस में यह भी बताने को कहा कि दिल्ली में आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं और पीड़ितों को मुआवजा देने की क्या व्यवस्था है। यह याचिका प्रियंका राय ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि इस वर्ष मार्च में याचिकाकर्ता दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर स्थित खिड़की गांव रोड पर अपने पति के साथ बाइक पर जा रही थी, तभी आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले में महिला के पैर में गंभीर घाव हो गए।

### मंडाविया ने गरीबी उन्मूलन उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कतर की राजधानी दोहा में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन में कई उच्च स्तरीय सत्रों के दौरान सामाजिक न्याय, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सुरक्षा में भारत की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि डॉ. मनसुख मांडविया ने नीति आयोग द्वारा बुधवार को आयोजित कार्यक्रम गरीबी से मुक्ति के मार्ग, अंतिम व्यक्ति को भी सशक्त बनाने में भारत के अनुभव का जिक्र किया। डॉ. मांडविया ने करीब 25 करोड़ लोगों को बहुक्षेत्रीय निर्धनता से बाहर निकालने और 64 फीसदी से अधिक आबादी तक सामाजिक सुरक्षा दायरे को विस्तारित करने में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। उन्होंने जोर दिया कि महिलाएं और बच्चे भारत के विकास के केंद्र में बने हुए हैं, जहां 11.8 करोड़ से अधिक स्कूली बच्चों को मध्याह्न भोजन मिल रहा है।

# नहीं झुकेंगे: इजराइल से बात नहीं करेगा हिजबुल्लाह

संघर्ष विराम की शर्तों का पालन करने पर हिजबुल्लाह ने जताई सहमति

**एजेंसी | बेरूत**

लेबनान के आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह ने घोषणा की है कि वह अमेरिका की मध्यस्थता से लागू किए गए संघर्षविराम का पालन करेगा, लेकिन इजराइल के साथ किसी भी प्रकार की सीधी या अप्रत्यक्ष बातचीत से उसने सख्त इंकार कर दिया है। हिजबुल्लाह का यह बयान उस पृष्ठभूमि में आया है जब पिछले वर्ष दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के तहत इजराइल को 60 दिनों के भीतर लेबनानी क्षेत्र से हटना था, किंतु इजरायली सेना अब भी दक्षिणी लेबनान में अपनी चौकियां बनाए हुए है। संगठन की राजनीतिक परिषद ने कहा कि संघर्षविराम का सम्मान करना एक राष्ट्रीय दायित्व है ताकि नागरिकों को और पीड़ा न झेलनी पड़े।



## 12 लाख से अधिक हुए बेघर

दोनों पक्षों के बीच जारी संघर्ष में अब तक ढाई हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 12 लाख से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। वर्तमान में अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में लागू संघर्षविराम समझौते के तहत हिजबुल्लाह को लितानी नदी के उत्तर की ओर हटना था, जबकि इजराइल को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लौटना था।

## हिजबुल्लाह ने किया उल्लंघन

इजराइल का कहना है कि हिजबुल्लाह ने कई बार संघर्षविराम का उल्लंघन किया, जबकि लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन का आरोप है कि इजराइल अब भी पांच रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा किए हुए है। हिजबुल्लाह को ईरान का समर्थन प्राप्त है। इसके संस्थापक हसन नसरुल्लाह की मृत्यु के बाद नए प्रमुख नईम कासिम ने इजराइल के खिलाफ संघर्ष जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

# विमान के पंख में फंसा मांझा, सोलापुर में टला हादसा

पायलट की सूझबूझ से बची 34 यात्रियों की जान




**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब लैंडिंग के दौरान विमान के पंख में पतंग का नायलॉन धागा फंस गया। पायलट ने सूझबूझ और सतर्कता का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित उतार लिया, जिससे विमान में सवार सभी 34 यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना बुधवार दोपहर करीब दो बजे की है। मुंबई से सोलापुर आने वाला विमान जैसे ही रनवे पर उतरने लगा, तभी अचानक उसके पंख में पतंग का धागा उलझ गया। पायलट ने तुरंत स्थिति पर नियंत्रण करते हुए सावधानीपूर्वक विमान को रनवे पर सुरक्षित लैंड कराया। लैंडिंग के बाद तकनीकी जांच में पंख में पतंग का नायलॉन धागा फंसा पाया गया। जांच के दौरान यह सामने आया कि दो नाबालिग बच्चे एयरपोर्ट की सुरक्षा दीवार फांदकर रनवे के समीप पतंग उड़ा रहे थे। पुलिस ने बच्चों की पहचान कर उन्हें और उनके अभिभावकों को चेतावनी दी तथा पतंग उड़ाने के खतरों के बारे में समझाया। आगे की कार्रवाई में पुलिस ने एयरपोर्ट के पास अवैध रूप से नायलॉन पतंग का धागा बेचने वाले दुकानदार बिलाल इब्राहिम शेख के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# चीन से यूएस भेजे गए गोल कृमि के कई शिपमेंट

- ▶▶ तीन चीनी शोधार्थियों पर जैविक पदार्थों की तस्करी का आरोप
- ▶▶ मिशिगन विवि से कर रहे हैं शोध, एफबीआई ने शुरू की जांच

**एजेंसी | डेट्रॉइट (मिशिगन)**

अमेरिका के प्रतिष्ठित मिशिगन विश्वविद्यालय में शोध कर रहे चीन के तीन नागरिकों पर जैविक पदार्थों की तस्करी की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने कार्रवाई करते हुए तीनों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की है। अमेरिकी अटॉर्नी जेरोम एफ. गोरगन जूनियर ने बताया कि आरोपितों ने मिशिगन विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला को ढाल बनाकर अवैध जैविक सामग्री अमेरिका लाने की योजना तैयार की थी। उन्होंने कहा, "ये लोग न केवल कानून का उल्लंघन कर रहे थे, बल्कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा भी बन गए थे। हम अपने संघीय सहयोगियों के सतर्क प्रयासों के लिए आभारी हैं।"



## यूएस भेजे गए कई शिपमेंट

आरोप है कि वर्ष 2024 और 2025 के दौरान बाई और झांग को गोल कृमियों (राउंडवर्म्स) से संबंधित गुप्त जैविक पदार्थों के कई शिपमेंट प्राप्त हुए, जिन्हें चीन के चेंगशुआन हान ने अमेरिका भेजा था। हान, जो वुहान के लाइफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज से पीएचडी कर रहे थे, जून 2025 में मिशिगन विश्वविद्यालय आए थे और बाद में तस्करी एवं झूठे बयानों के आरोप में देश से निर्वासित कर दिए गए।

## जांच में हुआ तस्करी का खुलासा

हान के निष्कासन के बाद विश्वविद्यालय ने 'शॉन जू लैब' की आंतरिक जांच शुरू की, जिसमें इस पूरे तस्करी तंत्र का खुलासा हुआ। जांच के दौरान आरोपित शोधार्थियों ने अमेरिका से भागने की कोशिश भी की, लेकिन 10 अक्टूबर को संघीय एजेंटों के छापे के दौरान वे फरार हो गए और फिलहाल अज्ञात ठिकानों पर छिपे होने की आशंका है।

# अमेरिका में सरकारी शटडाउन 36वें दिन भी जारी




40 हवाई अड्डों की उड़ानें होंगी कम, यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

**एजेंसी | वाशिंगटन**

अमेरिका में चल रहा सरकारी शटडाउन बुधवार को 36वें दिन में प्रवेश कर गया है। बढ़ते प्रशासनिक संकट के बीच ट्रंप सरकार ने चेतावनी दी है कि यदि राजनीतिक गतिरोध खत्म नहीं हुआ तो देश के 40 प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती करनी पड़ेगी। इस फैसले से हजारों उड़ानों पर असर पड़ेगा और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। परिवहन सचिव सीन डफी ने संवाददाताओं से कहा कि यह कदम हवाई यातायात नियंत्रकों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उठाया जा रहा है। शटडाउन के चलते नियंत्रक बिना वेतन काम कर रहे हैं।


## उड़ानों में कटौती ही आखिरी विकल्प

एफएए (फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन) से संबद्ध नियंत्रकों की संख्या में भी भारी कमी है। 14,000 स्वीकृत पदों में से करीब 3,000 खाली हैं। रिक्तियों की भरपाई के लिए मौजूदा नियंत्रक ओवरटाइम शिफ्ट में काम कर रहे थे, लेकिन अब वे भी वेतन न मिलने से परेशान हैं। डफी ने चेतावनी दी कि यदि गतिरोध जारी रहा, तो राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र के कुछ हिस्सों को बंद करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि उड़ानों में कटौती आखिरी विकल्प है।

# 17 लाख की इनामी हार्डकोर नक्सली कमला का सरेंडर

**एजेंसी | खैरागढ़/रायपुर**

छत्तीसगढ़ पुलिस को गुरुवार को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रही और 17 लाख रुपए की इनामी हार्डकोर महिला नक्सली कमला सोरी उर्फ उंगी उर्फ तरूणा (30) ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत कमला सोरी को तत्काल 50,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कमला पर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र (गोंदिया) और मध्य प्रदेश की पुलिस द्वारा कुल 17 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुकमा जिले के ग्राम अरलमपल्ली निवासी कमला सोरी वर्ष 2011 से प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़ी हुई थी। वह माड़ डिवीजन के तहत एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन में सक्रिय रही और नक्सली कमांडर रामदर की टीम में एक प्रमुख सदस्य के रूप में कार्य करती थी।



## नक्सली भी छोड़ना चाहते हैं जंगल : एसपी

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि कमला सोरी का आत्मसमर्पण सरकार की पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा, "कमला का यह निर्णय साबित करता है कि अब जंगलों में हिंसा और भय का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की ओर लौटने की भावना बढ़ रही है। हमें उम्मीद है कि उसका कदम अन्य नक्सलियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।"

# स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' नौसेना के हवाले

▶▶ समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और जल सर्वेक्षण क्षमता में होगा इजाफा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए भारतीय नौसेना ने गुरुवार को कोच्चि नौसेना बेस पर स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' को अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया। यह पोत दक्षिणी नौसेना कमान का हिस्सा बनेगा और समुद्री सीमाओं की निगरानी, सर्वेक्षण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने इस अवसर पर कमीशनिंग क्रू को बधाई देते हुए कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि 'इक्षक' के नाविक अपने आदर्श वाक्य 'निर्भय वीर पथ प्रदर्शक' के अनुरूप निडरता, साहस और समर्पण के साथ समुद्रों में सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।"



## इक्षक 80 फीसदी भारतीय

भारतीय नौसेना के अनुसार, अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में 'इक्षक' का शामिल होना देश की जहाज निर्माण क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसे कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड में निर्मित किया गया है। जहाज निर्माण के दौरान लगभग 80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया, जो 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सफलता और भारतीय एमएसएमई क्षेत्र की तकनीकी प्रगति को भी रेखांकित करता है।

## इक्षक का मतलब मार्गदर्शक

'इक्षक' का नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'मार्गदर्शक'। अपने नाम के अनुरूप यह पोत समुद्री मार्गों की खोज, सुरक्षित नौवहन और भारत की समुद्री शक्ति को सुदृढ़ करने के मिशन को आगे बढ़ाएगा। अपनी प्राथमिक जल सर्वेक्षण भूमिका के साथ-साथ यह पोत दोहरी क्षमता से लैस है।

## सर्वेक्षण की क्षमता में इजाफा

'इक्षक' में अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों का समावेश किया गया है, जिनमें हाई-रिजॉल्यूशन मल्टी-बीम इको साउंडर, ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (AUV), रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल (ROV) और चार सर्वे मोटर बोट्स (SMB) शामिल हैं। इनसे पोत को गहरे समुद्री और तटीय सर्वेक्षण करने की उन्नत क्षमता प्राप्त होगी।

# मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**एजेंसी | बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के रीमल्ल और अन्नारम के घने जंगल से बुधवार सुबह डीआरजी, सीआरपीएफ और एसटीएफ के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर हुए हैं । गुरूवार को भी इलाके में लगातार मुठभेड़ जारी है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। इस घने जंगल से फायरिंग की आवाज आबादी वाले इलाकों तक आ रही है। यहां सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार अब तक कई नक्सलियों के मारे जाने की सूचना मिल रही है। हालांकि इनकी



संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में कई बड़े नक्सली लीडर पापा राव और केंद्रीय समिति सदस्य गणेश उइके की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों की टीम रवाना की गई थी। जवानों की मुठभेड़ इन्हीं बड़े नक्सलियों की सुरक्षा में लगे नक्सलियों से हो रही है।